सुप्रभात
रांची, सोमवार
28.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 135

06 काशी-तमिल संगमम के माध्यम राष्ट्र एकता का संदेश

### प्रतिमा अनावरण कर मुख्यमंत्री ने दी शहीद सोबरेन सोरेन को श्रद्धांजलि, कहा

# सूखा पीड़ित 30 लाख परिवारों को देंगे राहत

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, तभी राज्य होगा खुशहाल
- सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर कर रहे अपग्रेड
- सांसद शिबू सोरेन ने भी शहीद सोबरन सोरेन को दी श्रद्धांजलि




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि कोरोना संक्रमण से राहत मिलते ही राज्य में सुखाड़ जैसी आपदा फिर आ खड़ी हुई। हमारी सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए राज्य के किसानों के हितों में लगातार काम कर रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के 226 प्रखंडों को चिन्हित कर सूखाग्रस्त घोषित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग 30 लाख किसान परिवारों को सरकार सूखा राहत राशि के तौर पर प्रति किसान परिवार 3500 रुपये भुगतान करेगी। आगे इस मद में केंद्र से भी मदद का आग्रह राज्य सरकार करेगी।

रविवार को सीएम, शहीद सोबरन सोरेन की 65 वीं शहादत दिवस पर रामगढ़ के लुकैयाटांड में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पूर्व हेमंत ने अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ मिल कर अपने दादा शहीद सोबरेन सोरेन की नव स्थापित प्रतिमा का किया अनावरण किया और माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि दी।

**पंचायतों में शिविर लगाकर किसानों से आवेदन लेंगे :** सीएम ने कहा कि पंचायतों में शिविर लगाकर किसान परिवारों से आवेदन लेकर सूखा राहत राशि का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के सूखा पीड़ितों के राहत देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार से भी हम आग्रह करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

## वीरों की धरती है झारखंड

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि झारखंड वीरों की धरती रही है। अमर शहीद सोबरन सोरेन ने आदिवासी-मूलवासी, शोषित, गरीब तथा वंचितों के हक, अधिकार तथा अस्मिता की लड़ाई लड़ी। महाजनी प्रथा के प्रकोप से आदिवासियों, गरीबों और पीड़ितो को बचाने के उन्होंने लंबा संघर्ष किया। इसी संघर्ष में वे शहीद हो गये। शहीद सोबरन सोरेन की कुबार्नी को झारखंड के लोग याद कर रहे हैं। शहादत दिवस पर मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं। हमारी सरकार शहीद सोबरन सोरेन के विचारों और आदर्शों पर चलकर सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध है। सीएम ने कहा कि अमर शहीद सोबरन सोरेन के पुत्र दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने भी यहां के आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब सभी वर्गों के साथ हो रहे महाजनी शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया है। राज्य के गांव-गांव, जंगल-जंगल में जाकर इन वर्गों को संरक्षित करने के लिए संघर्ष किया। एक दौर ऐसा भी आया जब गुरु जी के पीछे-पीछे बड़ी संख्या में लोगों ने इनके संघर्ष को बल दिया।

## शिक्षा के स्तर में निरंतर सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निरंतर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है। अब हमारी सरकार सरकारी स्कूलों को भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अपग्रेड करने का काम कर रही है। सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। शिक्षकों को भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार गठन के बाद से ही हमारा प्रयास रहा है कि राज्य में सड़क, स्कूल, कॉलेज इत्यादि के कार्यों में गति दी जाये। लगातार सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से सभी गरीब वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 8वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### बेकाबू ट्रैक्टर पलटा दो युवक की मौत

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में रविवार को एक ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो लागों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर की सर्विसिंग करवा कर वीरम गांव के दीपक उरांव और बारा गांव निवासी बनर्जी उरांव घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर एक ऑटो से टकरा गयी। घबरा कर ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार से भागने लगा। अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। दोनों युवक ट्रैक्टर के नीचे दब गये। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

### चतरा में पुल के नीचे मिला विस्फोटक

**चतरा।** कुंदा थाना पुलिस ने चिलोई सिद्दकी मोड़ के नजदीक पुल के नीचे से विस्फोटक बरामद किया है। आशंका है कि नक्सलियों ने पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के ख्याल से विस्फोटक लगाया है। मौके पर पहुंची बीडीएस की टीम विस्फोटक को नष्ट कर दिया है।

### सीएम के निर्देश पर घायल खिलाड़ियों की सुधि ली

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर रविवार को खेल विभाग के अधिकारी सड़क दुर्घटना में घायल फुटबॉल खिलाड़ियों की सुधि लेने रिम्स पहुंचे। खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने घायल खिलाड़ियों का हालचाल जाना। घायल खिलाड़ियों को अलग-अलग वार्डों में भर्ती किया गया है।

### महबूबा मुफ्ती को आवास खाली करने का नोटिस

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले स्थित सरकारी आवास को खाली करने के लिए कहा गया है। उनके साथ ही सात पूर्व विधायकों को भी आवास खाली करने कहा गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्धारित समय के अंदर खाली नहीं किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### हावड़ा एक्सप्रेस की बोगी में आग, बड़ा हादसा टला

**चित्तूर।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर में बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में आग लग गयी। आग की लपटें देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, राहत की बात रही कि जानमाल की क्षति नहीं हुई। लपट उठता देख यात्री बोगी से दूर हो गये।

### जवान ने की फायरिंग दों साथियों की मौत

**पोरबंदर।** गुजरात में पोरबंदर के निकट एक गांव में शनिवार शाम किसी बात को लेकर सीआरपीएफ के जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। इसमें दो जवानों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पोरबंदर के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ये जवान मणिपुर की सीआरपीएफ बटालियन से संबंधित हैं। इन जवानों को अगले महीने होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने यहां भेजा था।

### रेलवे फुट ब्रिज गिरा कई लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिर गया। ब्रिज की ऊंचाई 60 फीट है और हादसे के समय लोग इससे गुजर रहे थे। ब्रिज का हिस्सा टूटते ही लोग 60 फीट की ऊंचाई से रेलवे पटरियों पर गिर गये। जानकारी के मुताबिक 20 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें तीन की हालत गंभीर है।

### गंगाजल परियोजना मील का पत्थर : नीतीश

**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के मोततनाजे ग्राम में रविवार को सीएम नीतीश कुमार ने गंगाजल उद्भव परियोजना का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि पेयजल संकट दूर करने में गंगाजल उद्भव परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

### मन की बात में मोदी बोले, जी-20 की अध्यक्षता बड़ा अवसर

## शिक्षा का अलख जगा रहे झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप: प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने विद्या दान को समाज हित में सबसे बड़ा काम बताते हुए रविवार को मन की बात में कहा कि झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप और यूपी के जतिन ललित सिंह बच्चों को किताबें तथा अन्य जरूरी सामग्री मुहैया करा कर शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहे हैं। संजय और जतिन की सराहना करते हुए कहा, अगर कोई विद्या का दान कर रहा है, तो वो समाज हित में सबसे बड़ा काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में जलाया गया एक छोटा सा दीपक भी पूरे समाज को रोशन कर सकता है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी होती है कि आज देश-भर में ऐसे कई प्रयास किये जा रहे हैं।



पीएम ने कहा, लाइब्रेरी खोलने का उनका यह मिशन एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है। संजय जी हो या जतिन जी ऐसे अनेक प्रयासों के लिए मैं उनकी विशेष सराहना करता हूं। यूपी के जतिन की लाइब्रेरी में हिंदी और अंग्रेजी साहित्य, कंप्यूटर, लॉ और सरकारी परीक्षाओं की तैयारियों के जुड़ी 3 हजार से अधिक किताबें मौजूद हैं। वहीं झारखंड के संजय अबतक 40 से अधिक पुस्तकालय खोल चुके हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### कौन हैं संजय कच्छप



**झारखंड** के संजय कच्छप का विद्यार्थी जीवन में अच्छी पुस्तकों की कमी के करना आइएएस बनने का सपना अधूरा रह गया था। ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि किताबों की कमी से वे अपने क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अंधकारमय नहीं होने देंगे। अपने इसी मिशन की वजह से वह आज झारखंड में लाइब्रेरी मैन के रूप में चर्चित हो गये हैं। कोल्हान चाईबासा के रहने वाला 42 वर्षीय संजय कच्छप, अब तक 40 पुस्तकालय की स्थापना कर चुके हैं। पीएम ने उनकी लाइब्रेरी के बारे में जिक्र किया। गरीबी के कारण महंगी पुस्तकें खरीद पाने में वे असमर्थ संजय को बाद में रेलवे और कृषि विभाग में नौकरी मिल गयी। सरकारी नौकरी मिलने के बाद उन्होंने निर्धन बच्चों की परेशानियों को समझते हुए पुस्तकालय स्थापित करने का अभियान शुरू किया। अपने पैतृक गांव से लेकर जहां भी नौकरी के दौरान पदस्थापित रहें, वहां बच्चों के लिए पुस्तकालय स्थापित करने का काम किया। जिसके कारण इन्हें अब लोग उन्हें लाइब्रेरी मैन के नाम से जानने लगे। सरकारी नौकरी में आने के बाद सबसे पहले संजय कच्छप ने पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में वार्ड नंबर-1 के पुलहातू स्थित अपने पैतृक स्थान पर मोहल्ला पुस्ताकलय की स्थापना की।

(शेष पेज 11 पर)

## सनकी पति ने पत्नी पर तेजाब फेंका, रिम्स में भर्ती

### रांची में एसिड अटैक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में एक सनकी पति ने रविवार को अपनी पत्नी पर तेजाब फेंककर जख्मी कर दिया है। बुरी तरह झुलसी महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया। उसका चेहरा बुरी तरह जल गया है। बर्न वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। आरोपी पति फरार है। पुलिस उसकी खोज में लगी है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस छानबीन में जुटी है। चर्चा है कि पारिवारिक विवाद में आमिर ने अपनी पत्नी हिना के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया।



**चेहरा धोते समय किया हमला :** रिम्स में हिना की बुआ ने बताया कि रविवार की सुबह हिना अपने घर में अपना चेहरा धो रही थी। इसी दौरान आमिर वहां पहुचा और अचानक एक स्टील के जग में रखे तेजाब को हिना के चेहरे पर फेंक दिया और फरार हो गया। चेहरे पर तेजाब फेंके जाने की वजह से हीना चीखने चिल्लाने लगी उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भागे भागे मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गये। लोवाडीह की रहने वाली हिना की खूबसूरती को उसके हैवान पति ने ही तेजाब से झुलसा कर बर्बाद कर दिया।

**अक्सर मारपीट करता था :** हिना के परिजनों ने बताया कि आमिर, हिना के साथ अक्सर मारपीट करता था। अत्यधिक नशा करने की वजह से हिना और उसका झगड़ा हुआ करता था। तंग आकर हिना अपने मायके चली गयी थी। परिजनों ने शरीयत कानून के हिसाब से दोनों का तलाक करवाने का फैसला ले लिया था। हालांकि बाद में आमिर के समझाने पर हिना उसके पास वापस लौट आयी थी।

(शेष पेज 11 पर)

## रांची में एक दूजे के अटूट बंधन में बंधे 51 जोड़े

**रांची में विहिप के सेवा विभाग के तत्वावधान में रविवार को कांके के सुकूरहुटू स्थित गौशाला प्रांगण में सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में 51 जोड़े सात जन्मों के रिश्ते में बंध गये। झारखंड के विभिन्न जिलों से आये सभी 51 नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरे रस्मो, बारात, वरमाला, फेरों एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। सभी जोड़ों को गृहस्थी के सामग्री एवं सामानों के साथ- साथ विवाह का प्रमाण पत्र दिया गया।**



### होटवार जेल में ही सीए से लगातार दूसरे दिन पूछताछ

## इडी के सामने सुमन ने उगले कई राज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी सीए सुमन कुमार से ईडी ने दूसरे दिन रविवार को भी होटवार जेल में पूछताछ की है। इडी के विशेष अदालत के आदेश पर सीए सुमन से शनिवार व रविवार को पूछताछ हुई। दरअसल, सीए सुमन से मनरेगा घोटाले और अवैध खनन के जरिए किन.किन अधिकारियों और नेताओं के पास कमीशन का पैसा पहुंचा था और किसके माध्यम से पहुंचाया जाता था इस मामले में इडी पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मनरेगा घोटाले और अवैध खनन मामले में कमीशन का पैसा



निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के निर्देश पर संबंधित जिलों के डीएम और खनन कारोबारियों से वसूला जाता था। कमीशन के पैसे में आला अधिकारियों से लेकर कई रसूखदार लोगों का भी हिस्सा रहता था। कमीशन में किसको कितना पैसा मिलेगा, इसका निर्णय पूजा सिंघल ही करती थीं। इसके बाद सीए सुमन के द्वारा पैसे सभी हिस्सेदारों को पहुंचाया जाता था।

(शेष पेज 11 पर)

### रिम्स से पूजा सिंघल भेजी गयीं जेल



उधर निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को रिम्स में सभी विभागों के डाक्टरों की जांच में फिट पाये जाने के बाद रविवार को रिम्स प्रशासन ने वापस होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने के पूर्व रिम्स में विशेष रूप से गठित मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई। बोर्ड के निर्णय के बाद ही पूजा सिंघल को डिस्चार्ज किया गया। पूजा सिंघल के स्वास्थ्य की विभिन्न विभागों के डाक्टरों ने सघन जांच की। सभी जांच रिपोर्ट सही पाये जाने के बाद रिम्स की ओर से यह कहा गया कि अब उन्हें भर्ती होने की जरूरत नहीं है। पूजा सिंघल को इडी की टीम ने मनी लांड्रिंग और मनरेगा घोटाला मामले में 11 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 27 सितंबर को उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद होटवार जेल से रिम्स स्थित कार्डियोलाजी विभाग में भर्ती कराया गया। इसके बाद माइग्रेन की शिकायत पर न्यूरोलाजी विभाग में भर्ती हुईं, जहां से पेईंग वार्ड में रखा गया, यहां भी जांच रिपोर्ट अनुसार कोई समस्या नही बताया गया।

## बिजली खरीदने जेवीएनएल ने मांगे 500 करोड़

### केंद्र ने अतिरिक्त बिजली रोकी, कमी के कारण राज्य में जारी है लोड शेडिंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में पिछले एक पखवाड़े से जारी बिजली संकट के अभी दूर होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। प्रदेश में बिजली संकट अब भी जारी है। रांची सहित पूरे राज्य में 300 से 400 मेगावाट बिजली की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण पीक ऑवर सुबह और देर शाम तक बिजली कटौती जारी है। यही कारण है कि जेबीवीएनएल ने बिजली संकट से निजात पाने सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की है।

जेबीवीएनएल के एमडी अविनाश कुमार ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर भुगतान करने का आग्रह किया है। जेबीवीएनएल ने राज्य सरकार से 500 करोड़ रुपये का रिवाल्विंग फंड की मांग की है। बताया जा रहा है कि जेबीवीएनल एमडी ने मुख्य सचिव से इसे लेकर सहायता मांगी है।




**15 नवंबर से बंद है सिकिदिरी हाईडल :** तमिलनाडू और समुद्री इलाकों से मिलने वाली विंड पावर हवा प्रवाह में आयी कमी के कारण भी बिजली उत्पाद में कमी आयी है। विंड पावर से जेबीवीएनएल को 300 मेगावाट के बदले सिर्फ 30 मेगावाट ही बिजली मिल रही है। वहीं, सिकिदिरी हाईडल से बिजली उत्पादन विगत 15 नवंबर से बंद हो गया है। इसका कारण रूक्का डैम के वाटर लेबल में कमी बतायी जा रही है। रूक्का में पानी 25 फीट तक पहुंच गया है, जिसे गर्मी के दिनो में वाटर सप्लाई के लिए रखा जाएगा। एग्रीमेंट के अनुसार, सिकिदिरी हाईडल को 25 फीट के ऊपर जाने पर ही पानी दिया जाएगा। इसके कारण करीब 130 मेगावाट बिजली की कमी अचानक हो गयी।

इसके अलावा सेंट्रल पुल से मिलने वाली हाईड्रो बिजली भी 200 मेगावाट बिजली कम मिल रही है। सिक्किम और भूटान वाले इलाके में जलश्रोतों में आयी कमी के कारण बिजली उत्पादन में कमी आयी है।

(शेष पेज 11 पर)

### फैक्ट फाईल

- राज्य में बिजली की खपत : 2100 मेगावाट।
- राज्य की अपनी बिजली : टीवीएनएल-करीब 400 मेगावाट, इनलैंड पावर-60 मेगावाट।
- डीवीसी : 600 मेगावाट, सेंट्रल पुल : करीब 500-600 मेगावाट।
- कमी : 300 से 400 मेगावाट।
- रांची में कमी : डिमांड-300-350 मेगावाट, मिल रही बिजली-250 से 300 मेगावाट बिजली।

## बोकारो स्टील सिटी को ग्लोबल एक्टिव पार्टनर का दर्जा मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी को देश का पहला ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसको लेकर इसी पृष्ठभूमि में बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए जनभागीदारी द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांधी चौक से पत्थर कट्टा चौक तक एक तरफ इस सड़क को हैप्पी स्ट्रीट बनाया गया था। इस अभियान के उद्घाटन के मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, बोकारो बिरंची नारायण, बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, सीईओ - बीपीएससीएल, अन्य वरीय अधिकारी और कर्मी तथा हजारों की संख्या में बोकारो वासी, विभिन्न स्कूलों की टीमें, रोटरी और लायंस क्लब, महिला समिति, अन्य संगठन, बच्चे,नौजवान और वृद्ध उपस्थित थे।



### नक्सली पुनई उरांव एनकाउंटर मामला, 15 दिसंबर तक मांगा जवाब

# मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी, रांची उपायुक्त और एसएसपी को भेजा समन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएलएफआई के एरिया कमांडर पुनई उरांव के एनकाउंटर मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झारखंड के डीजीपी, रांची के डीसी एवं एसएसपी सशर्त समन भेजा है। आयोग ने उक्त अधिकारियों को 15 दिसंबर तक का समय दिया है और इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि चार सप्ताह के अंदर अगर रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई तो सभी अधिकारियों को आयोग के समक्ष 22 दिसंबर को सशरीर उपस्थित होना पड़ेगा। आयोग के समन के बाद रांची डीसी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश से न्यायिक जांच की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।



**दो लाख का ईनामी था नक्सली :** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के चेटे जंगल में पुलिस ने मुठभेड़ में 22 दिसंबर 2020 को उग्रवादी पुनई उरांव को मार गिराया था। पुनई उरांव पर कई संगीन मामले दर्ज थे, सरकार ने इस नक्सली पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। उसके खिलाफ रांची, खूंटी और गुमला जिले के विभिन्न थानों में 14 आपराधिक मामले दर्ज थे। ध्यान रहे कि एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में चली ऑपरेशन में पुलिस को बड़ी सफलता मिली थी। मौके से एक कार्बाइन और एक पिस्टल बरामद किया गया था।

#### सीआईडी ने दे दी क्लीन चिट

पुनई उरांव के परिजनों ने एनकाउंटर पर सवाल खड़े किये थे। मामले को लेकर डेढ़ साल तक जांच चली थी। इसके बाद सीआईडी ने माना था कि यह पुलिस मुठभेड़ फर्जी नहीं था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष यह मामला अब भी लंबित है। इस मामले पर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार ने अपनी जांच आगे बढ़ाने के लिए रिपोर्ट मांगी है।

#### कैसे हुई थी मुठभेड़

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची-खूंटी बॉर्डर के लोधमा से सटे जंगली इलाके में पुनई का दस्ता कैंप कर रहा है। सूचना पर एसएसपी ने नगड़ी थाने की टीम, क्यूआरटी और स्पेशल टीम को लगाया। एसएसपी सुरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में गठित रांची पुलिस की टीम लोधमा के लिए निकली। टीम चेटे गांव के सिंहपुर के पास जैसे ही पहुंची, उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने उग्रवादियों को सरेंडर करने के लिए कहा लेकिन उग्रवादी ताबड़तोड़ फायरिंग करते रहे। पुलिस की टीम ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान दोनों ओर से दर्जनों राउंड फायरिंग हुई। इस फायरिंग में पुनई उरांव को ढेर हो गया।

### 38.29 लाख बच्चों में 24.49 लाख को ही पोशाक, शेष कर रहे इंतजार

# राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे 36 प्रतिशत बच्चों को नहीं मिली पोशाक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार के लाख प्रयास के बाद भी सरकारी स्कूलों मं पढ़ाई कर रहे 36 फीसदी बच्चों को अब तक पोशाक नहीं मिली है। साल खत्म होने को है। बच्चे भी पोशाक मिलने का इंतजार कर रहे हैं। अब तक न तो उनके खाते में पोशाक का पैसा भेजा गया है और न सरकार के स्तर पर पोशाक उपलब्ध कराये गये हैं। यानि कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को पोशाक देने के तय लक्ष्य से विभाग काफी पीछे है। जेईपीसी की मानें तो अब तक केवल 64 प्रतिशत बच्चों को ही सरकार के स्तर से पोशाक उपलब्ध कराया गया है। सरकार का लक्ष्य कुल 38,29,076 लाख बच्चों को पोशाक उपलब्ध कराना था, लेकिन नवंबर 2022 तक कुल 24,49,980 लाख बच्चों को ही ड्रेस मिल पाया। हालांकि पिछले एक माह में पोशाक देने में सरकारी स्कूल की स्थिति में कुछ सुधार भी देखा गया है। अक्टूबर 2021 तक 21,37,597 बच्चों को पोशाक मिला था, जो कि नवंबर 2022 तक बढ़कर 24,49,980 हो गया. यह बढ़ोतरी कुल 3,12,383 की है।

#### ऐसे उपलब्ध करायी जाती है बच्चों को पोशाक



बच्चों को पोशाक देने में सरकार स्वयंसेवी समूहों, महिला मंडल या सखी मंडल द्वारा तैयार पोशाक को प्राथमिकता देती है। जब स्वयंसेवी समूह द्वारा पोशाक नहीं दिया जाता है, तब वहां सरकार बच्चों के बैंक खाता में राशि भेजती है। जिन बच्चों का बैंक खाता नहीं है, उनके लिए राशि विद्यालय प्रबंधन समिति के खाता में भेजी जाती है।

#### पोशाक के लिए 60 फीसदी केंद्र देता है पैसा

सरकारी स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक पढ़ने वाले सभी वर्ग के बच्चों पोशाक दिया जाता है। पोशाक देने में जो राशि खर्च होती है, उसमें केंद्र और राज्य का अनुपात 60:40 होता है। पोशाक देने में राशि इस तरह से होती है।

# खीरू महतो फिर बने जदयू प्रदेश अध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड राज्य परिषद की बैठक रविवार को प्रदेश मुख्यालय में हुई। राज्यसभा सांसद और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो पर संगठन ने एक बार फिर से विश्वास जताया है, और उन्हें निर्विरोध पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अनिल सिंह ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान कर विधिवत अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। घोषणा होते ही संगठन के नेताओं ने माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

इस मौके पर खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में गठबंधन का निर्णय हमारे संगठन के राष्ट्रीय नेता लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और नीतीश कुमार इसके लिए अधिकृत है। संगठन को इस कदर मजबूत करेंगे की दूसरे पार्टियों को गठबंधन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। नीतीश कुमार का कार्यक्रम लेने का प्रयास किया जाएगा। खीरु महतो ने कहा कि झारखंड में जदयू को एक नंबर की पार्टी बनाना है। जिस विधानसभा में 10 हजार सदस्य होंगे, वहां से जदयू विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। संगठन के साथ संघर्ष करने वाले लोगों की चुनाव में पार्टी टिकट देने का काम करेगी।

**भाजपा आरएसएस देश के लिए संकट : गौतम सागर राणा**

जदयू नेता गौतम सागर राणा ने कहा कि एटम बम से ज्यादा ताकतवर देश के नागरिकों की एकता होती है। भाजपा-आरएसएस के द्वारा देश में संकट फैलाया जा रहा है और इस संकट से उबरने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार काम कर रहे हैं। संप्रदायिकता को लेकर नीतीश कुमार ने युद्ध छेड़ दिया है। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के माध्यम से झारखंड के आवाम के बीच संगठन को जाना चाहिए। इसे लेकर विचार किया जा रहा है।

मौके पर धनंजय कुमार सिन्हा, श्रवण कुमार, सागर कुमार, पिंटू कुमार सिंह, अशोक चौधरी, भगवान सिंह, कामेश्वर दास अफताब जमिल, अखिलेश राय, मनोज सिन्हा, आशा शर्मा, दीप नारायण सिंह, रामस्वरूप यादव, अभय महतो, त्रिवेणी वर्मा, सतीश दास, संजय सिन्हा, त्रिभूवन दयाल, चंद्रमोहन पटेल, मीना मुर्मू के अलावा अन्य नेता मौजूद रहे।

### डीजीपी से एक्शन लेने का किया आग्रह

# पंकज मिश्रा के खिलाफ पुलिस ने दर्ज नहीं की प्राथमिकी : बाबूलाल

#### लगाया आरोप-साहेबगंज एसपी को न्यायालय की परवाह नहीं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के मामले में साहेबगंज पुलिस लापरवाह है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की भी परवाह नहीं करती है। उन्होंने इस मामले में डीजीपी से एक्शन लेने को कहा है। ट्विटर पर भी इसे शेयर किया है। उन्होंने कहा है कि इसी वर्ष साहिबगंज में 7 जुलाई को कोर्ट ने विजय हांसदा की शिकायत पर पंकज मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज करने को कहा था। उन पर अवैध खनन, एससी-एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश जिरवाड़ाबाड़ी थाना को दिया था। करीब पांच महीने बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इसकी बजाये उल्टे शिकायतकर्ता जेल भेजे गये थे। लगता है कि साहेबगंज पुलिस के एसपी को न्यायालय की परवाह नहीं है। ऐसा लगता है कि उन्हें आदिवासियों के हितैषी मुख्यमंत्री से पूछने का समय नहीं मिला होगा। उन्होंने अब इस मामले को देखने की अपील झारखंड के डीजीपी से की है। उन्होंने कहा है कि वे इस मामले को देखें कि कानून से उपर कोई नहीं है।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता में घायल खिलाड़ियों का रिम्स में चल रहा इलाज

# मुख्यमंत्री के आदेश पर सरोजिनी लकड़ा ने घायल खिलाड़ियों का लिया हालचाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आदेश के बाद खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा रविवार को रिम्स पहुंची। वहां पहुंचकर घायल खिलाड़ियों का हालचाल पूछा। सभी घायल खिलाड़ी अलग-अलग वार्ड में भर्ती किए गए हैं। बिटवीन डुंगडुग सर्जरी मेडिसिन में भर्ती है। गोविंदा मांझी को सीबी सहाय के न्यूरो वार्ड में भर्ती किया गया है। जबकि तीसरे घायल खिलाड़ी इनोसेंट मिंज अभी सीओटी में इलाजरत हैं। सभी घायल खिलाड़ी रंगारी हाई स्कूल सिमडेगा के फुटबॉल के खिलाड़ी हैं। ये सब शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। घायल खिलाड़ियों से मिलने खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, पूर्व हॉकी ओलंपियन मनोहर टोपनो, खेल सलाहकार देवेंद्र कुमार सिंह एवं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह रिम्स पहुंचे। जिला खेल पदाधिकारी एवं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को निदेशक ने निर्देश भी दिया। समय-समय पर घायल खिलाड़ियों के परिवार से संपर्क बनाए रखने को भी कहा गया। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग एवं रिम्स से समन्वय स्थापित कर घायल खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने के लिये कहा है।

# जनता को गुमराह कर रही गठबंधन सरकार, बुद्धिजीवी आयें आगे : सुदेश महतो

#### अखिल झारखड बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए सुदेश महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि आम जनता को गठबंधन सरकार जुटी है। श्री महतो रविवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रतिनिधि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अलग राज्य गठन में भी बुद्धिजीवी वर्ग का बेहतर योगदान रहा है। सत्ताधारी दल कुर्सी बचाने की खातिर तरह-तरह के राजनीतिक हथकंडे अपना रहे हैं। यही वजह है कि रोजगार, नियोजन नीति जैसे अति महत्वपूर्ण विषय आज हाशिये पर हैं। आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। सरकार की नीति और निर्णय उलझाने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृतिकर्मी, साहित्यकार, लेखक, कवि, शिक्षाविद, झारखंड आंदोलनकारी अपने ही राज्य में गुमनामी की जिंदगी जीने को मजबूर हैं। इन चुनौतीपूर्ण एवं विपरीत परिस्थितियों में बुद्धिजीवियों की भूमिका और बड़ी हो जाती है। वर्तमान और भविष्य के चिंतन-मंथन तथा समाज को सही दिशा प्रदान करने में उनकी भागीदारी काफी अहम है। बुद्धिजीवियों को सजग एवं जागरुक नागरिक के साथ-साथ सशक्त प्रतिपक्ष की भी भूमिका निभानी होगी। झारखंड को सशक्त, शिक्षित एवं संगठित बनाने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। सरकार आम जनता के साथ वादा खिलाफी कर रही है। सरोकार से जुड़ी पार्टी आजसू इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। मंच के रांची जिलाध्यक्ष डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने स्वागत भाषण दिया। मंच के प्रतिनिधि सम्मेलन में डॉ यूसी मेहता, कामेश्वर प्रधान, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, डॉ उषा किरण, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, लम्बोदर महतो, हिमांशु महतो, मिथिलेश श्रिवास्तव, कैप्टन महेश लोहरा, गंगाधर महतो, महेंद्र मोदी, कौशिक चांद, मो सुहैल, मंजर खान, आदित्य महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ विनय भरत ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अंचल किगर ने किया।

# 11 जनवरी तक भरे जायेंगे झारखंड डिप्लोमा संयुक्त स्तर प्रतियोगिता परीक्षा 2022 फॉर्म

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के स्तर से झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2022 का आयोजन होना है। इसके लिए 12 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसकी समय सीमा 11 जनवरी 2023 तक निर्धारित की गई है। जेएसएससी के परीक्षा नियंत्रक ने सूचना जारी करते बताया है कि 14 जनवरी तक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जायेगा। फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद आवेदन पत्र का प्रिंट आउट 17 जनवरी तक निकाला जा सकेगा। 18 जनवरी से 22 जनवरी के बीच ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्मतिथि, ई-मेल आइडी और मोबाइल संख्या को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रविष्ट को संशोधित करने को फिर से लिंक उपलब्ध कराए जाएंगे।

**वेबसाइट से ले सकते हैं सूचनाएं:** परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक आवेदन का विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विवरणिका में अंकित योग्यता के आधार आवेदन किया जाएगा। रिक्तियों की संख्या एवं अन्य सभी सूचनाएं वेबसाइट से ली जा सकती हैं।

**होनी है नियमित और बैकलॉग नियुक्ति :** जेएसएससी ने 176 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाए हैं। इनमें 166 नियमित और 10 बैकलॉग है। नियुक्ति के लिए झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आधार पर मोटरयान निरीक्षक, खान निरीक्षक, स्ट्रीट लाइट निरीक्षक सहित अन्य पदों पर नियुक्ति होगी।

# तथ्यों को छिपाकर शिक्षकों को बदनाम कर रहा है स्कूली शिक्षा विभाग : संघ

#### शिक्षकों का बायोमेट्रिक और ऑनलाइन हाजिरी बनाने का आंकड़ा गलत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा कि विभाग तथ्यों को छिपाकर शिक्षकों को बदनाम कर रहा है। शिक्षकों के बायोमेट्रिक और ऑनलाइन हाजरी बनाने पर विभागीय आंकड़ा गलत है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षा विभाग का कहना है कि 20 हजार शिक्षक ऑनलाइन हाजरी नहीं बना रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति का 18 हजार स्कूल विवरण नहीं दे रहे हैं। संघ ने कहा कि यह रिपोर्ट गलत, भ्रामक और तथ्यहीन है। विभाग को जानकारी होनी चाहिए कि 20 हजार शिक्षको में से हजारों सेवानिवृत चुके हैं। सैकड़ों की मृत्यु हो चुकी है। हजारों महिला शिक्षिकाएं प्रतिदिन विशेष अवकाश का उपभोग करती है। अन्य शिक्षक भी अकास्मिक, मेडिकल और अन्य अवकाश में रहते हैं। कई शिक्षक विभागीय कार्य से बीआरसी, जिला कार्यालय, प्रशिक्षण सहित अन्य कार्यों में विभाग द्वारा ही प्रतिनियुक्ति रहते हैं।

**अपडेट नहीं है हजारी बनाने वाला सरकारी ई-विद्यावाहिनी एप :** विभाग अपनी रिपोर्ट में इन तथ्यों को छिपाकर शिक्षकों को बेवजह बदनाम कर रहा है। विडंबना यह है कि हजारी बनाने वाला सरकारी ई-विद्यावाहिनी एप अपडेट नहीं है। अवकाश और अन्य कार्यों से संबंधित सूचना देने का इसमें कोई प्रावधान नहीं है। भ्रामक और तथ्यहीन बायोमैट्रिक रिपोर्ट मीडिया में जारी कर विभाग अपने ही शिक्षकों का मनोबल गिरा रहा है। समाज में सरकारी विद्यालय के प्रति भ्रम फैला राज्य के लाखों गरीब बच्चों और उनके अभिभावकों का बेशर्मी से माखौल उड़ा रहा है।

पदधारियों ने कहा कि इस रिपोर्ट के पीछे विभाग सही जानकारी लेना नहीं चाहता है। अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए सिर्फ शिक्षकों पर दोष मढ़ना जानता है। कई ऐसे विद्यालय हैं, जहां टैब वर्षो से खराब है। विभाग को कई बार आवेदन देकर सूचना दी गई है, लेकिन सुधि लेने वाला नहीं है। सिर्फ शिक्षकों पर झूठा आरोप लगाया जाता है। कई सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में नेटवर्क की बेहद समस्या है। मोबाइल रिचार्ज नहीं है। इसमें शिक्षक क्या कर सकता है। उपाय बताने के बजाए विभाग का आरोप लगाना कहां तक उचित है। शिक्षा विभाग इस तरह की कार्य संस्कृति से बाज आए, वरना संघ घोषणा करने पर मजबूर हो जाएगी कि शिक्षक अपने निजी मोबाइल से विभाग का किसी तरह का कार्य नहीं करें। क्योंकि विभाग की ओर से अब तक मोबाइल और डाटा रिचार्ज के लिए कोई राशि नहीं दी जाती है। ना कोई सुविधा। ऐसे में निजी मोबाइल और निजी खर्चे पर विभाग का कोई कार्य नहीं करेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के स्थान पर नये कप्तान के चयन का चल रहा अंतिम दौर

# जल्द ही बदलेगा प्रदेश भाजपा का फ्लेवर-कलेवर!

*भाजपा के नये चेहरे के रूप में बाबूलाल मरांडी, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव व सांसद समीर उरांव के नाम पर मंथन, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी व प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मिशन 2024 को लेकर नयी टीम का गठन करना चाहते हैं। ओबीसी को रिझाने के लिये सांसद आदित्य साहू के अलावा सामान्य वर्ग से सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय भी ले सकते हैं दीपक प्रकाश की जगह*






#### प्रदेश भाजपा में बढ़ी गुटबाजी, शीर्ष नेतृत्व चौकन्ना

2019 के बाद राज्य में उपचुनावों में पार्टी की करारी शिकस्त और जारी अंतर्कलह को देखते हुये शीर्ष नेतृत्व ने सशक्त चेहरे को नया कप्तान बनाने का फैसला लिया है। दरअसल, प्रदेश भाजपा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के बीच वर्चस्व की जंग जारी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी कॉकश से घिरे बताये जाते हैं। दीपक प्रकाश की कप्तानी में बेरमो, मधुपूर, दुमका, मांडर में हुये उपचुनाव में पार्टी की हार हुई। कोरोना काल में जनता के लिए राहत कार्यक्रम चलाने से लेकर सूखाड़, विधि व्यवस्था, किसान कल्याण, हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश यात्रा जैसे आंदोलन में भी संगठन का बिखराव साफ दिख रहा था। प्रदेश कार्यकारिणी में कर्मवीर सिंह के अलावा आठ उपाध्यक्ष और तीन प्रदेश महामंत्रियों हैं। हालांकि, प्रदेश संगठन महामंत्री अल्प समय में ही राज्य के सभी जिलों के अलावा आधे से अधिक मंडलों में भी प्रवास कर चुके हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोल कर केंद्रीय नेतृत्व को आवश्यक सुधार की सिफारिश भी कर दी है।

**उदय चौहान**

**रांची।** जल्द ही प्रदेश भाजपा का कलेवर व फ्लेवर बदलने वाला है। पिछले 33 महीने से प्रदेश भाजपा की अगुवाई करने वाले दीपक प्रकाश के स्थान पर किसी सशक्त चेहरे को कमान देने की तैयारी चल रही है। हालांकि, दीपक प्रकाश की पकड़ शीर्ष नेताओं के साथ काफी मधुर माना जाता है। ऐसे में श्री प्रकाश अपने पद पर बने रहने के लिए पसीना बहाना स्वाभाविक है। दरअसल, भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी व प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मिशन 2024 को लेकर नयी टीम का गठन करना चाहते हैं। इसके लिये पार्टी ने मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुये नये चेहरे के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव या एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद समीर उरांव पर मंथन किया है। तर्क दिया जा रहा है कि श्री मरांडी की सदस्यता विधानसभा कोर्ट में लटकी हुई है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष के रूप में भी श्री मरांडी को मान्यता नहीं दी गयी है। ऐसे में, आदिवासी कार्ड खेलने के लिए उन्हें प्रदेश भाजपा की कमान दी जा सकती है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व भी श्री मरांडी को प्रदेश की कमान देने के पक्ष में सहमत दिखती है।

वहीं, भाजपा के नये चेहरे के रूप में पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव को भी अहमियत दी जा रही है। डॉ उरांव को साफ-सुथरी छवि के नेता और शिक्षाविद होने का लाभ मिल सकता है। हालांकि, पिछला चुनाव सिसई विधानसभा से हारने के कारण संगठन में उनकी पकड़ उतनी मजबूत नहीं मानी जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष के तीसरे विकल्प के रूप में एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद समीर उरांव को देखा जा रहा है। पार्टी के रणनीतिकार संघ की पृष्ठभूमि का हवाला देकर उनकी ताजपोशी के पक्षधर हैं। इनका पार्टी के बड़े नेताओं से भी अच्छे ताल्लुकात हैं। पार्टी की रणनीतिक फैसलों को प्रभावित करने वाले तत्व किसी आदिवासी को ही प्रदेश भाजपा की कमान देने पर जोर दे रहे हैं। समझा जा रहा है कि नये साल से पहले प्रदेश में भाजपा की कमान किसी नये चेहरे को सौंपी जायेगी।

इधर, पार्टी सूत्रों का दावा है कि ओबीसी वोटरों को रिझाने के लिए मिशन 2024 के लिए सांसद आदित्य साहू को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है। मौजूदा वक्त में श्री साहू प्रदेश महामंत्री का दायित्व निभा रहे हैं। वहीं, पार्टी के एक धड़े की पसंद चतरा सांसद व वर्त्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष सह सांसद सुनील सिंह हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी के पुराने संबंध डॉ रवींद्र राय से हैं। डॉ राय संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। उनके खाते में वर्ष 2014 में राज्य से 12 सांसद जीताने की उपलब्धि भी है। दिलचस्प यह है कि जब डॉ राय झारखंड भाजपा के अध्यक्ष थे, उस वक्त श्री वाजपेयी यूपी के अध्यक्ष थे। दोनों के बीच अच्छी ट्यूनिंग है।

# एक्सपो में आये एक लाख से अधिक लोग, मस्ती के साथ की खरीदारी

## मेले में ग्रैंड फैशन शो और ओशो बैंड का भी लाइव परफॉर्मेंस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** एक्सपो में रविवार को लोगों का हुजूम देखने को मिला। रांची के मोरहाबादी मैदान में एक्सपो 28 नवंबर तक लगा है। रविवार को एक्सपो उत्सव का चौथा दिन था। करीब 1 लाख से अधिक लोगों ने एक्सपो का भ्रमण किया। सभी हैंगर में ग्राहकों की लंबी कतारें लगी थी। स्टॉल धारक बहुत खुश दिखे। रविवार को एक्सपो में लाइव म्यूजिशियन परफॉर्म कर लोगों का मनोरंजन कर रहे थे। शनिवार को मिडनाइट कार्निवल का आयोजन हुआ था। इसमें काफी लोगों ने शिरकत की। ग्रैंड फैशन शो का भी आयोजन किया गया था। ओशो बैंड ने भी लाइव परफॉर्म किया। आज बच्चों के लिए पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन हुआ। इसमें ग्रुप 1 में एलिना तस्लीम ने तीसरा, दक्ष जैन ने दूसरा और आव्य सिन्हा ने पहला स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 2 में पूर्वी पटेल ने तीसरा, सांची ने दूसरा और सुमित उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ग्रुप 3 में अद्वत पल को प्रथम, निर्मल अग्रवाल को दूसरा और पहल जैन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप 4 में प्रिया श्री को पहला, अनन्य राठौर को दूसरा और अलसरा जैन को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप 5 में अनन्य राय को पहला, सिद्धार्थ सिंह को दूसरा और कनिष्क केशरी को तीसरा स्थान मिला। फैंसी ड्रेस कंपटीशन के ग्रुप 1 में अनय सहाय को पहला, इगनूर कौर को दूसरा और ध्रुव अरोड़ा को तीसरा स्थान मिला। ग्रुप 2 में हर्षल जैन को पहला, नमन अग्रवाल को दूसरा और विहान चौधरी को तीसरा स्थान मिला। कल एक्सपो का आखिरी दिन है। लोगों के लिए यह सुबह 11.30 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। इस बार लोगों को कई तरह के ऑफर दिए जा रहे हैं। इंट्री टिकट की खरीद पर 36 डिस्काउंट कूपन मिल रहे हैं। इससे लोग संबंधित संस्थान में छूट पा सकते हैं।

## शहर के बीचोबीच थड़पखना से प्रतिबंधित विदेशी शराब का जखीरा बरामद

# उत्पाद विभाग की छापेमारी में अवैध शराब कारोबार में शामिल चार व्यक्ति गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में अवैध तरीके से शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ उत्पाद विभाग ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थड़पखना से प्रतिबंधित विदेशी शराब का जखीरा बरामद किया है। उत्पाद विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विभाग को विशेष टीम ने छापेमारी कर थड़पखना निवासी अनित सिंह के घर से भारी मात्रा में अवैध शराब को बरामद किया गया है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को भी मौके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अनित सिंह, रणदीप बोस, सतेद्र कुमार और ब्रजेश कुमार का नाम शामिल है। बरामद शराब की कीमत लाखों में बतायी जा रही है।



**शराब की तस्करी में राजधानी के कई गिरोह शामिल :** मिली जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को जानकारी मिली थी कि बंगाल से सड़क मार्ग से झारखंड में लाकर अवैध रूप से भारी पैमाने पर शराब की तस्करी की जा रही है और इसमें राजधानी के कई गिरोह शामिल हैं। शनिवार देर रात एक बार फिर जब विभाग को अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली तो इस मामले की जानकारी विभाग के वरीय अधिकरियों को दी गई जिसके बाद रांची पुलिस के साथ मिलकर उत्पाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए शराब तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी कर न सिर्फ भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया बल्कि 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। इस संबंध में उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल गिरफ्तार शराब तस्करों से पूछताछ कर इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनकी गिरफ्तारी की जा सके। अधिकारियों को आशंका है कि इसमें कई बड़े रसूखदार लोग भी शामिल हो सकते हैं।

# सूखा नशा के खिलाफ कठोर कानून बने : उत्तम यादव

**राष्ट्रीय युवा शक्ति की पदयात्रा वार्ड नंबर दो में चल रही है, शहीद परिवारों को गौरवपूर्ण जीवन देने का चल रहा प्रयास**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति के बैनर तले रविवार को पदयात्रा वार्ड नंबर दो पर पहुंची। इस अवसर पर उत्तम यादव ने कहा कि पदयात्रा वार्ड 29 से शहीद सम्मान पदयात्रा की शुरूआत हुई थी। अब तक एक दर्जन से ज्यादा वार्ड के गली मोहल्ला में पदयात्रा किया गया है। प्रत्येक गली मोहल्लों में स्थानीय लोगों के द्वारा माला पहनाकर विभिन्न जगहों पर स्वागत किया गया। यह पदयात्रा एक महीना चलेगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के माध्यम से सुखा नशा के खिलाफ कठोर कानून बनाने की मांग की जा रही है। साथ ही, शहीदों के परजिनों को उनका अधिकार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।


इस पदयात्रा में मुख्य रूप से आर्यन मेहता, रोहित यादव, सुनील साहू, संजय तिर्की, अभिषेक बंटी यादव, नितेश वर्मा, सावन लिंडा, विक्की कश्यप, सुनील लोहरा, अशोक कुजुर, विकी जयसवाल, विशाल उरांव, नितिन घोष,विवेक कुमार, विशाल साहू, रोहित बरनवाल, राहुल चौधरी, करंट टोप्पो, आर्यन गुप्ता, निखिल कुमार, निक्की टोप्पो, रोशन यादव बड़ी संख्या में सदस्य एवं स्थानीय लोग शामिल हुये।



# कचहरी चौक स्थित होटल में महिलाकर्मी का शव बरामद, जांच में जुटी रांची पुलिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक स्थित एक नीजी होटल से एक युवती का शव बरामद हुआ है। युवती की उम्र 27 वर्ष है। युवती उसी होटल में हाउसकीपिंग का काम करती थी। युवती का शव होटल के स्टाफ रूम में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पाकर कोतवाली थाना की पुलिस होटल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। युवती ने आत्महत्या की है या फिर साजिश के तहत उसकी हत्या की गयी है, इन बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। हालांकि प्रथम दृष्टया से यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।



**चतरा जिले की रहने वाली थी युवती :** जानकारी के मुताबिक, युवती चतरा जिले की रहने वाली थी। वो इसी निजी होटल में रहकर हाउसकीपिंग स्टाफ के तौर पर काम कर रही थी। रविवार की सुबह जब वो काम के लिए नहीं आयी, तब होटल के दूसरे स्टाफ ने उसे खोजना शुरू किया। खोजने के क्रम में युवती का शव स्टाफ रूम में पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने मैनेजर को इसकी सूचना दी। फिर मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी।

# गरीब व जरूरतमंदों के बीच समाजसेवी ज्योति शर्मा ने कंबल का किया वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में ठंड का कहर जारी है। हाड़ कंपाने वाली ठंड से लोग परेशान है। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी फुटपाथ पर रात गुजारने वालों को हो रही है। उनकी इस परेशानी को कम करने को लेकर समाजसेवी ज्योति शर्मा ने कंबल वितरण करने की योजना बनाई है। रविवार को अपर बाजार महावीर चौक स्थित श्री शिव साईं मंदिर में कंबल वितरण किया गया। ज्योति शर्मा ने कहा कि ठंड बढ़ रही है। हमारे आसपास में कई ऐसे भी लोग हैं जिनके पास ठंड से बचने का कोई उपाय नहीं है। दिन में 12 बजे साईं बाबा की आरती के बाद कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया गया।

मौके पर मोनू गुप्ता, अमर शर्मा, गुरप्रीत सिंह, अरविंद, राहुल, संजय, बिट्टू, मृत्युंजय समेत अन्य मौजूद थे।

# डीलिस्टिंग आदिवासी महारैली में धर्म बदलने वाले लोगों को एसटी सूची से बाहर करने की मांग की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से रविवार को रांची विश्वविद्यालय के मैदान में डीलिस्टिंग आदिवासी महारैली का आयोजन किया गया। इसमें धर्म परिवर्तन कर ईसाई या इस्लाम अपनाने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति से बाहर करने पर जोर दिया गया। पूर्व मंत्री स्व. कार्तिक उरांव के प्रस्ताव का जिक्र कर इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाए जाने की मांग की गई।

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष करिया मुंडा ने बताया कि इंदिरा गांधी के समय पूर्व मंत्री कार्तिक उरांव ने प्रस्ताव तैयार कराया था कि धर्म बदलकर ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाय, इस प्रस्ताव को 310 से ज्यादा सांसदों की सहमति मिल गई थी। इसके बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लगा कि लोकसभा से यह पास हो जाएगा तो उन्होंने संसद में इस प्रस्ताव को आने से किसी तरह रोक दिया। इसके बाद इस दिशा में काम नहीं हो सका।




वहीं छत्तीसगढ़ से आए पूर्व मंत्री गणेश रामजी भगत ने कहा कि जनजाति समाज के वैसे व्यक्ति जिसने धर्म परिवर्तन किया हो उसका आरक्षण सूची से नाम बाहर कर देना चाहिए। पद्मभूषण करिया मुंडा ने भी इस पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा धर्म परिवर्तन करने वालों को आदिवासियों के नाम पर सुविधा न दी जाय, उनकी मदद करनी है तो दूसरा उपाय किया जाय।

बता दें कि जनजाति सुरक्षा मंच कई वर्षों से झारखंड में जनजाति समाज के लोगों की संवैधानिक स्थिति को बेहतर कराने के लिए प्रयासरत है। इसी प्रयास में झारखंड के जनजाति समाज के ऐसे लोगों को जिन्होंने अभी तक धर्म परिवर्तन नहीं किया है और हिंदू धर्म में हैं सिर्फ उन्हें ही अनुसूचित जनजाति का लाभ मिले।

मौके पर महारैली में पद्म भूषण करिया मुंडा के साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता दिलमन मींस, जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक राजकिशोर, रांची नगर निगम की पार्षद रोशनी खलखो, रांची के पहाड़ जगलाल पहन, जनजाति सुरक्षा मंच के नेता और छत्तीसगढ़ सरकार में पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने अपने अपने विचार प्रकट किए और भारत सरकार से मांग की कि धर्म बदलने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाए और उन्हें आरक्षण का कोई लाभ न दिया जाए जैसा अनुसूचित जाति के मामले में होता है।

## मूलवासी सदानों के संघर्ष और बलिदान के परिणाम है झारखंड अलग राज्य का गठन

# ओबीसी को आरक्षण न देना और 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना गैर संवैधानिक: राजेन्द्र

**पंचायत को आधार मानकर हो अनुसूचित क्षेत्र का निर्धारण**

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** सभी राजनीतिक दलों का दायित्व बनता है कि वे हर समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कराएं। अनुच्छेद 243-टी सभी समाज और समुदाय को अधिकार मिले और चुनाव रोटेशन होते रहे, इसका अधिकार देता है। इन्हीं संवैधानिक प्रावधानों के तहत महापौर रांची की पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। आगे ओबीसी और सामान्य वर्ग को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि झारखंड में पिछड़ी जातियों के साथ-साथ मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों का भी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण व वह जनगणना करायी जाए ताकि ओबीसी के साथ सदान समुदाय के सवर्णों को भी आरक्षण का लाभ मिले। सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि जबतक नगर निकाय चुनाव में पिछड़ों का आरक्षण सुनिश्चित नहीं होता है तब तक निकाय चुनाव नहीं कराया जाए। उन्होंने उन्होंने सदान आयोग बनाने की मांग की है,ताकि सदानों के हरेक वर्ग को लाभ मिल सके।

झारखंड के 12 जिलों को पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना गैर संवैधानिक है यह बताते हुए प्रसाद ने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जिला के बहुत सारे पंचायतों में जनजातियों की एक भी आबादी नहीं है। जिसके कारण वैसे पंचायतों में पंचायत का चुनाव भी नहीं हो पाया था। रांची जिला में अनुसूचित जनजाति की आबादी 35% पूर्वी सिंहभूम में 28% साहिबगंज में 26% सरायकेला खरसावां में 35% जामताड़ा में 30% लातेहार में 45% दुमका में 43 प्रतिशत पाकुड़ में 42% है ऐसे में इन पूरे जिलों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करना सरासर गलत और संविधान के विरुद्ध है। श्री प्रसाद ने कहा कि पंचायत को आधार मानकर अनुसूचित क्षेत्र के पंचायतों का पूर्ण गठन के बाद पंचायत चुनाव कराना चाहिए और वैसे पंचायतों को अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित करना चाहिए जिस पंचायत में अनुसूचित जनजाति की आबादी 50% से ऊपर है वैसे पंचायत को ही अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित करना चाहिए जिससे सभी वर्गों का पंचायतों में प्रतिनिधित्व हो सके।

श्री प्रसाद ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत रांची महापौर की सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। उन्होंने ओबीसी को पंचायत और निकाय चुनावों में आरक्षण नहीं देने को संविधान के खिलाफ बताया।

उन्होंने केंद्र सरकार झारखण्ड की विधानसभा की सीट को 81 से बढ़ाकर 160 करने की मांग की ताकि सभी वर्ग के लोगों को विस में प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने साथ में विधानपरिषद का गठन करने की भी मांग केंद्र से की।

मोर्चा के सलाहकार पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि हिन्दू और मुसलमान दोनों समुदाय मूलवासी सदान से आते हैं और यह सच है कि हिन्दू ज्यादातर संख्या में भाजपा को वोट करते हैं साथ अन्य दलों को भी वोट करते हैं तथा ज्यादातर मुस्लिम कांग्रेस और क्षेत्रीय दल को वोट करते हैं लेकिन आश्चर्य की बात है कोई भी दल सदानों के अधिकार के पक्ष में खड़ा होने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि सदानों के अधिकार के लिए हिंदू और मुस्लिम को साथ खड़ा होना होगा। आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि सदानों ने अलग राज्य की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया लेकिन राज्य बनने के बाद मूलवासी सदान दोयम दर्जा का नागरिक बन कर रह गए हैं।

नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद ने कहा अब तो हद हो गई सदानों की क्षेत्रीय भाषाओं के साथ भी अब भेदभाव किया जा रहा है। उपस्थित लोगो में महेंद्र ठाकुर ,विशाल कुमार सिंह प्रो अरविंद राम आदि शामिल थे।

# निकाय चुनाव में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण दे राज्य सरकार: वैश्य मोर्चा

**वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों और सदस्यों का बापू की प्रतिमा के समक्ष शपथ ग्रहण**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के नवनियुक्त केंद्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ने शपथ ग्रहण किया। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने सभी को शपथ ग्रहण कराया। शपथ ली गयी कि वे संगठन के प्रति निष्ठा रखेंगे और समाज के मुद्दों पर संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। शपथ में यह भी कहा कि वे पार्टी से पहले समाज को प्राथमिकता देंगे। इसके बाद नवगठित केंद्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि सामाजिक संगठन ही राज्य और समाज में बदलाव ला सकता है। सत्ता और सरकार के पास भले पावर रहती है, लेकिन संवेदना और संघर्ष की क्षमता सामाजिक नेताओं, संगठनों में ही होती है।

**निकाय चुनाव स्थगित करने के निर्णय का स्वागत :** बैठक में सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किये गये, जिसमें राज्य सरकार द्वारा फिलहाल निकाय चुनाव स्थगित करने के निर्णय का स्वागत किया गया और ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी को 27% आरक्षण देने के साथ निकाय चुनाव कराने की मांग की गयी। दूसरे प्रस्ताव में विधानसभा से पारित ओबीसी को 27% आरक्षण देने का मामला को राज्य सरकार विधि सम्मत तरीके से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू करे और पारदर्शिता के लिए हर प्रक्रिया एवं गतिविधि को सार्वजनिक करने की मांग की गयी।

बैठक में मोर्चा की ओर से 1 दिसंबर से झंडा गाड़ो अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इसके तहत सबसे पहले केंद्रीय पदाधिकारी और सदस्य एवं जिला अध्यक्ष अपने घरों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगायेंगे। 10 दिसंबर से पूरे राज्य में सदस्यता अभियान शुरू किया जायेगा। इसकी शुरूआत रांची से की जायेगी। कार्यक्रम में रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, मोहन साव, रामसेवक प्रसाद, अश्विनी साहु, डॉ. माधवचंद्र मंडल, योगेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण साहु, प्रमोद चौधरी, परशुराम प्रसाद, सहदेव चौधरी, इंदुभूषण गुप्ता, कपिल प्रसाद साहु, हरिनाथ साहु, दिनेश्वर मंडल, शिवनंदन प्रसाद, गुड्डु साहा, राजीव, अनिल वैश्य, राजधाम, लगनू साहु, सत्यनारायण प्रसाद, नरेश साव, श्रवण प्रसाद साहु, हलधर साहु, रेणू देवी, नम्रता सोनी, पूनम जायसवाल, आत्माराम चौधरी तथा रवीन्द्र आदि थे।

# विश्व हिंदू परिषद के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 जोड़े हुए एक दूजे के

## वात्सल उत्सव में 200 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर्स सहित कई अन्य उपकरण प्रदान किये गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सह वातसल्य उत्सव का आयोजन किया गया। इस सामूहिक सामूहिक विवाह में कुल 51 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। झारखंड के विभिन्न जिलों से आए सभी 51 नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान और वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ। सभी जोड़ों को गृहस्थी के सामग्री एवं सामानों के साथ-साथ विवाह का प्रमाण पत्र दिया गया। समारोह में आए सभी सम्मानित अतिथियों ने सभी 51 जोड़ों नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

वात्सल्य उत्सव में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति व 200 दिव्यांग जनों एवं विशेष प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो, छड़ी, वैशाखी, वाकर आदि का वितरण किया गया। सभी दिव्यांगों ने उपकरण पाकर खुशी से लबरेज दिखे। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम से आए सभी वृद्ध जनों को सेवा देते हुए सम्मानित किया गया तथा वात्सल्य उत्सव में पधारे 40 किन्नर समुदायों को आदर-सत्कार करते हुए सम्मानित किया गया। उत्सव में छऊ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

सामूहिक विवाह समारोह में पधारे सभी वर-वधू पक्ष के सभी बारातियों एवं सभी गणमान्य लोगों के लिए विशेष पकवान परोसे गये। विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि समारोह में-विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल, विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी जगरनाथ शाही, कैलाश केसरी, मुरारी अग्रवाल, मधुसूदन बुधिया, राजीव केडिया, उप मेयर संजीव विजयवर्गीय, प्रदीप राजगढ़िया, ओपी अग्रवाल, मुकेश काबरा, भानु प्रकाश जालान, बसंत कुमार मित्तल, रवि शंकर शर्मा, संजय सर्राफ, नीरज भट्ट, फतेह चंद्र जैन, उम्मेद मल जैन, भगवती भुवालका, वीरेंद्र साहू, शत्रुघ्न गुप्ता, सोहन दारूका, अरविंद सोमानी, विकास अग्रवाल, वासुदेव भाला, रोहित शारदा, अरविंद बंका, मनीष लोधा, सतीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नरेश बंका, नीलेश अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, विक्रम खेतावत, अनु पोद्दार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### उत्सव में छऊ नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा



# संविधान सप्ताह पर डालसा ने निकाली प्रभात फेरी

## फेरी में शामिल लोगों ने बैनर व तख्ती से लोगों को किया गया जागरूक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डालसा रांची द्वारा शनिवार 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक संविधान दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को व्यवहार न्यायालय रांची से प्रभात फेरी निकाली गयी जो व्यवहार न्यायालय रांची से कचहरी चौक होते हुए काली बाबू स्ट्रीट से होकर वापस व्यवहार न्यायालय पहुंची।

प्रभात फेरी मे शामिल लोग हाथों में संविधान से संबंधिन स्लोगन लेकर लोगों को जागरूक भी किया। जिसमें अपने अधिकारों को जानिए संविधान को पहचानिये। .भारत भाग्य विधाता हमारा संविधान है देश का यह सबसे बड़ा सम्मान है। संविधान हिंदुस्तान की जान है भारतीयों के अधिकारों की पहचान है। संविधान में रखो आस्था मत चुनो गलत रास्ता संविधान की ताकत को जिसने जाना उसने ही अपने अधिकारों को पहचाना। कार्यक्रम में डालसा रांची के सचिव राकेश रंजन, पीएलबी एवं व्यवहार न्यायालय रांची के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के 61वें अन्नपूर्णा भंडारे में 1500 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** समाजिक एव धार्मिक संस्था एम. आर. एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने पर रविवार को पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर प्रांगण में 1500 से ज्यादा स्थानीय जरुरतमंदों, श्रद्धालुओं के बीच 61वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद स्वरुप लोगों को पूरी, आलू- टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया जलेबी,जीरा राइस एव खीर का वितरण किया।

मौके पर स्थानीय दैनिक शुभम संदेश के पत्रकार सुरजीत सिंह, संजय सिंह, पूर्वांचल सूर्य के पत्रकार नवल सिंह, राष्ट्रीय नवीन मेल के पत्रकार रोशान कुमार, प्रभात खबर के राजकुमार कौशिक, संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने प्रसाद वितरण में अपना सहयोग दिया।

आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन रमा देवी डोकानिया व उनके परिवार न अपने पति स्व. श्याम सुंदर डोकानिया की स्मृति पर कमल खेतावत, रेखा खेतावत के सौजन्य से किया गया। उपस्थित लोगो में ओम प्रकाश सरावगी, सज्जन पाड़िया, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, कमल खेतावत, मनीष सोनी,शिव भगवान अग्रवाल, नवल टिबडेवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार(ताउ), सुरेश चौधरी, शंकरलाल मोदी धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, चन्द्रदिप साहु महिला समिति की रमा देवी डोकानिया, रेखा खेतावत, संतोष देवी अग्रवाल, चंदा देवी अग्रवाल, मंगला मोदी शारदा खंडेलवाल अमिता जालान आदि शामिल थे।

# छठी एवं 7वीं जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को किया जायेगा सम्मानित

## झारखंड प्रदेश शौंड्रिक समाज का 25 को वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह वार्षिक मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश शौण्ड्रिक (सूड़ी) समाज की ओर से 25 दिसंबर को आयोजित होनेवाले वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह वार्षिक मिलन समारोह को लेकर आयोजन समिति की बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से किए जाने को व्यापक चर्चा करते हुए कई ठोस निर्णय लिये गये। बैठक में कहा गया कि अधिक से अधिक की संख्या में समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का कार्यक्रम के लिए पंजीयन कराया जाये एवं कार्यक्रम में प्रस्तुत होने को प्रेरित किया जाये। छट्ठी एवं 7वीं जेपीएससी में सफल हुए समाज के अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जाये एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाये। इसके लिए अनुमानित व्यय का आकलन किया गया, ताकि समुचित ढंग से कार्यक्रम संपन्न हो सके। यह कार्यक्रम समाज को नई दिशा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह कार्यक्रम 25 दिसंबर को लोयला कान्वेंट स्कूल बूटी रोड रांची में आयोजित किया जा रहा है। बैठक में अशोक कुमार प्रसाद, शशिभूषण प्रसाद, संजय कुमार साहू, मितुल कुमार, राकेश शौंदिक, नरेश कुमार प्रसाद, अनुज साहू, पंकज प्रसाद, प्रदीप कुमार प्रसाद, संजय कुमार साह, हरिदास साहू, रामलखन प्रसाद, जितेंद्र कुमार साह इत्यादि ने भाग लिया।

# पासवा का 4 दिसंबर को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से 4 दिसबर को शिक्षक गौरव सम्मान समारोह सह कार्यशाला का आयोजन रांची विवि के आर्यभप्त सभागार में किया गया है। आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में पासवा कोर कमिटी की बैठक में शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल एक चुनौती एवं नये सत्र में शिक्षक छात्र संबंधों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। तत्पश्चत हर वर्ष का भांति इस वर्ष भी 1500 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। 4 दिसम्बर की सुबह 10.30 बजे आर्य भप्त सभागार रांची विश्वविद्यालय मोरहाबादी में प्रारंभ हो जाएगा। पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा शिक्षक सम्मान समारोह पहले सितम्बर महीने में ही होना था, जो स्कूलों की व्यस्तताओं की वजह से थोड़ी देर से हो रही है। इस समारोह का उद्घघाटन राज्य के वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव करेंगे। उन्होंने कहा कि 2019 में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा 2019 में आरटीई कानून में किए गए संशोधन को निरस्त करने की मांग को लेकर, जमीन की बाध्यता कानून को लेकर एवं यूडाइस कोड के संदर्भ में पासवा का एक प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो से मुलाकात करेगा। बैठक में कहा गया है कि पूरे देश में झारखंड ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां शिक्षा का अधिकार कानून में तब्दीली कर पूरे निजी विद्यालयों के खिलाफ साजिश रचने का काम किया।

# कैंब्रियन में मनाया गया संविधान दिवस



**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। कॉसमॉस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रा ग्रेसी सिंह ने भारतीय संविधान में अंतर्निहित सिद्धांतों और अनुच्छेदों पर प्रकाश डाला। नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस कॉन्स्टिट्यूशन क्विज का आयोजन किया गया जिसमें यमुना हाउस विजेता और गोदावरी हाउस उपविजेता टीम रही। जूनियर सेक्शन के बच्चों ने संविधान पर पोस्टर तैयार किया। इससे पहले प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि भारतीय संविधान एक जीवंत और गतिशील संविधान है। कार्यक्रम का संचालन छात्र शौर्य प्रखर ने जबकि संयोजन ऐक्टिविटी कॉर्डिनेटर आशा राज ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियांशु पांडेय, गौरव डांग और दीपेश कांशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की जमीन पर बना है मातृ उद्योग एचइसी कारखाना : आनंद मूर्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सिपाही विद्रोह के जननायक अमर सेनानी ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव एवम अमर शहीद के वंशज स्व० ठाकुर नवीन नाथ शाहदेव को नमन कर अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में रविवार को सेक्टर 2 राजेंद्र भवन के मैदान में दिन के 2:00 बजे शहीद सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड 37 पार्षद आनंदमूर्ति एवम विशिष्ट अतिथि युवा नेता श्री रोहित नारायण सिंह ,एचईसी के यूनियन नेता श्री भवन सिंह, श्री रामसहाय सिंह मुंडा , श्रीमती फरहाना खातून, श्रीमती नीलम चौधरी, श्री किशनकांत कुमार, श्री इंदर गोप , श्री मुख्तार अंसारी , श्री परवेज खलीफा एवं तमाम अध्ययन केंद्र के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वार्ड पार्षद आनंदमूर्ति ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि अंग्रेजों की दी गई सजा आज भी उनके परिवार झेल रही हैं । कहा कि यहां जो भी सरकार आयी न्याय नहीं मिल सका। बड़कागढ़ स्टेट की राजधानी हटिया में शहादत स्मारक स्तंभ के प्रांगण में सरकार से न्याय की गुहार लगायी जाती रही कि शहीद विश्वनाथ शाहदेव के परिवार को नौकरी, रोजगार, चिकित्सा दिया जाए पर आश्वासन के अलावा कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। सरकार ने घोषणा की थी कि अमर शहीद के ग्राम को आदर्श ग्राम बनाया जाएगा। इन्हें नौकरी रोजगार दी जाएगी परंतु महज आश्वासन ही रहा। सरकार से यह भी आश्वासन मिला कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान का नाम अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ सहदेव के नाम पर होगा परंतु वह भी ना हो सका। जबकि क्रिकेट स्टेडियम अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की भूमि पर स्थित है । आनंदमूर्ति सिंह ने कहा कि एच ई सी कारखाना को सरकार ने अमर शहीद की पंद्रह सौ एकड़ जमीन मुफ्त में दे दी परंतु एचईसी प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी एचईसी में अमर शहीद के वंशजों को नौकरी नहीं दिया और ना ही उनके उत्तराधिकारी को मुआवजा ही दिया।

## खबर एक नजर में

### हिन्दू जागरण मंच की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**रांची।** रविवार को मेन रोड संकट मोचन हनुमान मंदिर में हिन्दू जागरण मंच की बैठक की गयी। इसमें हिन्दू जागरण मंच के कोतवाली मंडल का पुनर्गठन किया गया। इसमें निखिल वर्मा को कोतवाली मंडल अध्यक्ष चुना गया। मौके पर महानगर महामंत्री निशांत चौहान ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट होना होगा। समाज के बिखराव के कारण बाहरी ताकतें सिर उठा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सभी हिन्दूओं को भूमिका निभाना होगा। मौके पर महानगर मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, आयुष आदि उपस्थित थे।

### इनरव्हील क्लब ऑफ क्षितिज ने दिव्यांगों और किन्नरों को किया सम्मानित



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा सुकुरहुतु गौशाला में दिव्यांगों और किन्नरों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा डॉ कविता तिवारी के नेतृत्व में दिव्यांगों और किन्नरों को सम्मानित किया गया। उनके बीच जाकर उन्हें अपनेपन की अनुभूति करायी गई। साथ में क्लब की सचिव पिंकी पॉल , वीणा अग्रवाल, रश्मि खेतान, सविता सिंह, रानी सिंह, ज्योति बुधिया, रेणु चौधरी आदि उपस्थित थे।

# मन, वचन व कर्म से स्वयं को प्रभु येसु के लिए तैयार करने का समय है आगमन काल : कुलदीप तिर्की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** येसु मसीह के विश्वास में बढ़ने वाले ख्रीस्तीय अनुयायियों का सबसे बड़ा पर्व है ख्रीस्त जयंती या ख्रीस्त जन्मोत्सव। जिसे क्रिसमस या जन्म पर्व या बड़ा दिन के नाम से भी जाना जाता है। सभी मसीही इस त्योहार को पूरी आध्यात्मिक और सांसारिक तैयारी के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाते है। इस पर्व के पूर्व की सारी तैयारियां जिस अवधि में की जाती है जिसे मसीही आगमन काल या एडवेंट के नाम से जानते है। आखिर यह आगमन काल है क्या? रांची आर्चडायसिस के यूथ कोऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को विशेष भेंट में यह जानकारी देते हुए बताया कि ख्रीस्त जन्मोत्सव के पूर्व आगमन काल एक ऐसा विशेष समय है जब ख्रीस्तीय विश्वासी प्रभु एसु से मिलने के लिए खुद को मन, वचन, कर्म हर तरीके से खुद को तैयार करते है। यही नहीं इसके साथ कमोबेश प्रत्येक मसीही परिवार अपने-अपने घरों, आसपास के परिवेश तथा मुहल्लों की साफ-सफाई तथा रंग रोगन व साज-सज्जा कर इस प्रकार परिवेश को तैयार करते हैं ताकि जन्म लेने शांति का राजकुमार, राजाओं का राजा बालक येसु उनके घरों में, दिलों में और मुहल्लों में वास करे। और सभी पर ख्रीस्त की भरपूर आशीष हो।

कुलदीप तिर्की ने खबर मंत्र को बताया कि वैसे तो हर साल मसीही अपने तरीके से आगमन काल की आत्मिक और वाह्य तैयारी करते है, लेकिन मेरा प्रत्येक मसीही से यह गुजारिश होगी कि वह आत्ममूल्यांकन करें कि क्या वे सही तरीके से आगमन काल की तैयारी कर रहे है या नहीं। कहीं हम आत्मिक या आध्यात्मिक तैयारी के बजाय अपनी तैयारी में फिजूलखर्ची, बाहरी चमक दमक व दिखावा के साथ भौतिकतावाद को तो प्राथमिकता नहीं दे रहे है। बाहरी चमक या दिखावा महज मन को क्षणिक संतुष्टि देता हैजबकि आंतरिक शुद्धिकरण व तैयारी आत्मा को सुकून देती है। फिजूलखर्ची व पर्व के नाम पर शाही पकवान खाने-खिलाने, नये कीमती परिधानों की खरीदारी करने, घर तथा मुहल्ले व आसपास के क्षेत्रों को सजाने संवारने में बेवजह खर्च करने के बजाए उससे परहेज करें। अपने हृदय को पवित्र बनाएं और सादगी के साथ त्योहार मनाए। फिजूलकर्ची या दिखावे के खर्च को यथासंभव गरीब, जरुरतमंद, असहाय, लाचार, बीमार की सेवा करने के साथ क्रिसमस की खुशियां बांटनें में उसका उपयोग करें।

# रांची स्मैशर्स बना चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बैडमिंटन लीग अर्चना सीजन-3 का विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** स्मैशर्स दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) रांची द्वारा आयोजित चार्टर्ड एकाउंटेंट्स बैडमिंटन लीग अर्चना सीजन-3 का विजेता टीम बना। खेलगांव रांची के ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम रांची में आयोजित इस लीग में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की कुल आठ टीमे मार्विक शटलर्स, रांची इंडियन, रांची टोनेर्डइस, रांची चैलेंजर्स, रांची स्मैशर्स, जेपी एस स्पार्टन्स, गोल्डन राकेट्स और शटल रैप्टर्स के बीच आयोजित किया गया। प्रारंभिक मैचों के उपरांत रांची स्मैशर्स के साथ मार्विक शटलर्स और रांची टोनेडीइस और शटल रैप्टर्स के बीच सेमिनार फाइनल मैच खेली गयी जिसमे रांची स्मैशर्स और शटल रैप्टर्स फाइनल में प्रवेश किया।

इस लीग के आयोजन में झारखण्ड सरकार के खेल और युवा मामलों के विभाग के निदेशक सरोजिनी लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि चार्टर्ड एकाउंटेंट्स जिनकी ख्याति खाता बही और व्यावसायिक मामलों के विशेषज्ञ के रूप में है वे इस प्रकार के लीग का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयासरत है। इंस्टीट्यूट के रांची शाखा अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार ने कहा कि कुछ माह पूर्व चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था जिसमें 128 से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने बतौर खिलाड़ी हिस्सा लिया। आगामी दिसंबर में रांची के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स टीम जोधपुर इंस्टीट्यूट की सीआईआरसी क्रिकेट लीग खेलने जा रहा है। अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार ने बताया कि इस लीग के आयोजन में रांची शाखा के वरिष्ठ सदस्यों सीए राजीव रंजन मित्तल, सीए संजय अग्रवाल, सीए प्रवीण शर्मा, सीए राजीव आनंद, सीए जेपी शर्मा, सीए भुवनेश ठाकुर, सीए अनिल जैन, सीए मोहित जैन, सीए सौरव अग्रवाल, सीए सुरेंद्र विश्वकर्मा और सीए मंजीत कुमार वर्मा ने टीम मालिक के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

लीग के समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस लीग में शानदार खेल के लिए पुरुष वर्ग में सीए चंद्रेश बजाज और महिला वर्ग में रजनी सिंह को बेस्ट प्लेयर्स के अवार्ड से सम्मानित किया गया। मौके पर इंस्टीट्यूट के रीजनल कौंसिल सदस्य सीए मनीषा बियानी और सीए राजीव टाक भी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सीसीएल के स्टॉफ ऑफिसर को मांग पत्र सौंपा

**रजरप्पा।** झारखण्ड कोलयरी मजदूर यूनियन (झाकोमयू) रजरप्पा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र मिस्त्री, सचिव सोहन मांझी एवं झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष खुदीराम महतो के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर सीसीएल के स्टॉफ ऑफिसर सुजीत कुमार गोस्वामी को एक मांग पत्र सौंपा।

## शिक्षक-अभिभावकों की बैठक

**रजरप्पा।** राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बड़कीपोना एवं मध्य विद्यालय बड़कीपोना में शिक्षक-अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पंचायत के मुखिया व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। साथ ही पोषक क्षेत्र के अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुजाता कुमारी ने की।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने दर्जनों गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, जेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. रामानुज सिंह ने लगभग 100 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुषों व बच्चों के बीच पाव-भाजी का वितरण किया।

## मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता : अंबा प्रसाद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राज्य संपोषित योजना अंतर्गत पतरातू प्रखंड के बीचा मेन रोड से छप्परटांड़ होते हुए पिठोरबेड़ा तक बनने वाली 14 किलोमीटर के पथ निर्माण कार्य का शनिवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा किया जा रहा है। मालूम हो कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत ही कई सड़कों के निर्माण की स्वीति कई विभागों द्वारा हुई है। साथ ही प्रत्येक दिन विधानसभा क्षेत्र के कई हिस्सों में पथ निर्माण का भूमि पूजन, शिलान्यास एवं उद्घाटन का कार्य विधायक द्वारा किया जा रहा है। इसके पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम में बीचा पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक ढ़ोल-बाजे एवं झारखंडी नृत्य व गान के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूद्गी में इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के हर हिस्से में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से सड़कों का निर्माण हो रहा है। बीचा मेन रोड से छप्परटांड़ होते हुए पिठोरबेड़ा तक बनने वाली 14 किमी सड़क से कई गांव के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमान होता है, लोगों को बेहतर सड़क मिले इसके लिए हर सार्थक कदम उठाती रहूंगी। अंबा प्रसाद ने विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे संवेदक बाबूलाल साहू को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की भी बात कही। मौके पर बीचा मुखिया सोनामती देवी, सीताराम मुंडा, चरेंद्र बेदिया, कार्यकारी अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह खरवार, रमेश बेदिया, किशोर बेदिया, रामकुमार उरांव, संतोष सिंह, चंचला देवी, सुगंधा देवी, महावीर मुंडा, शिवधन गंझू, मनोज गंजू, बैजनाथ बेदिया, किशोर बेदिया, बिंदेश्वर बेदिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# तापीन साउथ लोकल सेल अनिश्चितकाल तक के लिए बंद

### कानून व्यवस्था के बिगड़ने की आशंका को देखकर की गयी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ लोकल सेल को रविवार से अनिश्चितकाल तक के लिए बंद कर दिया गया है।

सेल को बंद हो जाने से सेल में कार्यरत हजारों मजदूरों की रोजी-रोटी पर आफत आन पड़ी है।तापीन साउथ प्रबंधन ने सेल को बंद करने के लिए जगह-जगह पर नोटिस चिपकाई है। सीसीएल प्रबंधन ने नोटिस में लिखा है कि स्थानीय विस्थापित एवमं प्रभावित लोगों के दो गुटों के आपसी मतभेद और तनाव के कारण बिगड़ते हुए माहौल और कानून व्यवस्था के बिगड़ने की आशंका को देखते हुए इस तरह की कार्रवाई की गई है।उक्त सेल को दो वर्ष पूर्व स्थानीय विस्थापित/प्रभावित लोगों के लिए रोजगार मुहैया कराने को लेकर खोला गया था।

ताकि लोग रोजी रोजगार कर अपने घर को चला सके। छह माह तक सेल सुचारू रूप से चला। लोगों को मजदूरी मिलने लगी। इससे स्थानीय लोग काफी खुश नजर आने लगे।लेकिन ये मालूम नहीं था कि इस लोकल सेल पर ग्रहण लग जाएगा। विस्थापित/प्रभावित छह माह के बाद दो गुट में बंट गए।सेल चलाने को लेकर दोनों गुटों में विवाद उत्पन्न हो गया।

**क्या कहते है खान प्रबंधक :** तापीन साउथ के खान प्रबंधक एस के सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सेल को बंद करने का आदेश हेड क्वार्टर रांची से चरही महाप्रबंधक कार्यालय दिया गया है। जिसके निर्देश पर सेल को अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दिया गया। ताकि दोनों गुटों में कोई विवाद नहीं हो सके।साथ ही कोई अप्रिय घटना ना हो।

## महीनो से खराब पड़े चापानल की अरुण साहू ने करायी मरम्मत



मरम्मत के बात चापानल के पास मौजूद ग्रामीण

**बरही।** विभाग की लापरवाही व जनप्रतिनिधिओं की जनहित कार्यों से उदासीनता के कारण प्रखंड अंतर्गत करसों पंचायत धोबनीगढा. मोहल्ला स्थित चापानल पिछले 6 महीने से खराब था। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल एवं अन्य कार्यों के लिए काफी समस्या होती थी। इसकी सूचना मिलते ही तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू के निर्देश पर प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रकाश विश्वकर्मा के नेतृत्व में तिलेश्वर साहू सेना की टीम ने उसे तुरंत दुरूस्त करवाया।चापाकल ठीक होने पर ग्रामीणों की खुशी में काफी खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने अरुण साहू को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां पिछले 20 वर्षों से हम जल की समस्या से जूझ रहे हैं, किंतु इन 20 वर्षों में कोई जनप्रतिनिधि और न ही किसी नेता ने हमारी समस्या को समझा। हमारे पास पेयजल आपूर्ति के लिए एकमात्र साधन यही चापानल था। जिसके खराब होने पर हम सभी ग्रामीण चंदा करके इसकी मरम्मत किया करते थे।ग्रामीणों ने आभार जताते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग करने की बात कही। मौके पर प्रेम भुइयां, सोहन भुइयां, विनय भुइयां, मुकेश भुइयां, भोला भुइयां, अजय भुइयां, राजू भुइयां, छबि भुइयां, सहोदरी देवी, गीता देवी, बसंती देवी, रीता देवी आदि मौजूद थे।

## जनआक्रोश रैली में घायल महिला को इलाज में मिला सदर विधायक का साथ

### एचएमसीएच में आर्थो सर्जरी से पूर्व दिलाया दो यूनिट खून, जल्द होगा सर्जरी

खबर मन्त्र सवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के जन आक्रोश रैली के दौरान पिछले 23 नवंबर को क्षेत्र की एक महिला का पैर फिसलने से गंभीर रूप से चोटिल हो गया और घुटना का चकरी टूट गया।

घायल अवस्था में इस महिला को विधायक मनीष जायसवाल के दिशा निर्देश पर उनके सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार और अन्य लोगों ने एचएमसीएच में भर्ती कराया लगातार इलाज में विधायक मनीष जायसवाल और उनकी टीम के द्वारा सहयोग पहुंचाया जा रहा है। चिकित्सक ने सर्जरी से पूर्व घायल महिला को दो यूनिट खून चढ़ाने की सलाह दी।



जानकारी लेते सदर विधायक व अन्य

जिसके बाद विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार और मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने दो यूनिट रक्त असमय दिलाया।

एक यूनिट रक्त के लिए नवाबगंज स्थित आर.ए. ऑप्टिकल के संचालक सतीश पासवान ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसके लिए उनके मित्र सह भाजपा नेता संतोष सिंहा ने उन्हें प्रेरित किया तो दूसरे यूनिट की व्यवस्था अस्पताल प्रबंधन द्वारा की गई। चिकित्सक के मुताबिक जल्द ही महिला के पैर का सर्जरी होगा।

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय हजारीबाग के प्राचार्य हैं लेखक

## बीएड-एमएड प्रशिक्षुओं के लिए काफी उपयोगी : डॉ अरविंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव की लिखी पुस्तक शिक्षाशास्त्र : समग्र अध्ययन का विमोचन रविवार को यूपी स्थित प्रयागराज के संगम तट पर वट वृक्ष के नीचे किया गया।

मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी राय साहब यादव ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि बीएड-एमएड के प्रशिक्षुओं के लिए यह पुस्तक सार्थक सिद्ध होगा। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि

### पुस्तक शिक्षाशास्त्र : समग्र अध्ययन का विमोचन



कार्यक्रम में शामिल लोग

मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश चंद्र मौर्य व प्रो राकेश कुमार यादव ने पुस्तक की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य ने कहा कि शिक्षाशास्त्र से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान रखते हुए इस पुस्तक की रचना की गई है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह पुस्तक बीएड, एमएड और डीएलएड प्रशिक्षुओं व सीटेट और राज्यस्तरीय आयोजित होनेवाली परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए लाभकारी साबित होगा।उन्होंने बताया कि यह पुस्तक इडुनिक पब्लिकेशन जौनपुर (यूपी) से प्रकाशित है। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार और सचिव मिथिलेश मिश्र ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए यह गर्व की बात है।

वहीं महाविद्यालय परिवार ने भी उन्हें बधाई दी है। प्राचार्य ने बताया कि उन्होंने यह पुस्तक अपनी दिवंगत गुरु माता मनोरमा देवी और दादाजी रामनरेश यादव के नाम समर्पित किया है।

मौके पर विजय राज यादव, जय सिंह, जय किशुन यादव, दिनेश कुमार, राजकुमार यादव, सर्वेश यादव, अनुराग यादव, सत्येंद्र यादव, गोविंद कुमार सहित कई शिक्षा प्रेमी उपस्थित थे।

## वेनस आँख अस्पताल ने लगाया नि: शुल्क जांच शिविर




जांच शिविर में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड के झरपो पंचायत सचिवालय में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन पीएम नरेंद्र मोदी के आयुष्मान कार्ड बैनर तले किया गया। वीनस आंख अस्पताल के डॉ. मुकेश कुमार से पूछे जाने पर कहा कि लगाया गया शिविर में पीएम के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभुकों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जयेगा। दवा चश्मा लेंस का रुपये अलग से लगेगा। बता दे कि पूर्व में पंचायत भवन में जो बहेरा आश्रम आँख अस्पताल चौपारण के ओर से शिविर लगाया गया था जो आयुष्मान कार्ड बन्द होने की पुष्टि कर रहे थे। वही जब वीनस आँख अस्पताल के ओर से शिविर लगाया गया तो कर्मियों ने बताया कि आयुष्मान कार्ड अब भी जारी है । लाभुक लाभ उठाएं अफवाहों पर ध्यान नही दे। मौके पर किशोर सिंह,अजित कु.सिंह, गणेश माली,संदीप कुमार,सुनील कुमार, श्याम ठाकुर संग कई लोग उपस्थित थे।

## 180 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के सुदूर बीचा पंचायत के विभिन्न गांव में रविवार को ग्रामीणो के बीच प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान कंबल का वितरण करते हुए प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा ने कहा कि हर हाल में गरीब-जरूरतमंदों को ठंड से बचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद को कंबल मिले इसके लिए प्रयास जारी है। आगे भी ग्रामीणो के बीच कंबल वितरण होता रहेगा। श्री मुंडा ने कहा कि किसी भी हाल में गरीबों को ठंड में ठिठुरने नहीं दिया जायेगा। इस अवसर पर बीचा, सालगो, लेम, एतियातू, लोवाडीह, सुथरपुर आदि गांवो के 180 से अधिक ग्रामीणो के बीच कंबल का वितरण हुआ। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेन्द्र बेदिया, उपमुखिया विजय गंझू, ग्राम प्रधान राजेश बेदिया, पूर्व उपमुखिया रामेश्वर गंझू, सुरेश बेदिया, बंधुआ मुंडा आदि काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## फंसी राशि को निकलवाने को लेकर बैठक की गयी



बैठक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** ओम ट्रेडिंग मे निवेश करने वाले आम जनता का फसा राशि को निकलवाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के संचालन कर्ता अक्षय कुमार सिंह अध्यक्षता कि मे संगठन का नाम सर्वसहमती से विजय संघर्ष मोर्चा चुना गया। मौके पर अध्यक्ष चितरंजन प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष योगेश्वर प्रजापति, सचिव सुधाकर प्रसाद श्रीवास्तव, उप सचिव त्रिवेणी महतो, कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष पुष्पा कुमारी,महा सचिव नंदलाल कुमार, संयोजक जितेंद्र प्रसाद महतो, कानूनी सलाहकार अधिवक्ता गौरव सहाय को चुना गया।चुने गये सभी अधिकारी ओम ट्रेडिंग से राशि वापसी करवाने के लिए सभी दास्तावेज को जुटाने मे सक्रिय रहेंगे, और कानुनी सलाह लेकर आगे की कार्रवाई प्रारम्भ करेंगे।

## 14 तक न्याय नहीं मिला, तो पुत्र करेगा आत्मदाह : चंद्रावती देवी

### चंद्रावती देवी ने प्रबंधन को सौंपा त्राहिमाम पत्र, कोर्ट के आदेश के बाद भी लापता पति के बदले पुत्र को नहीं मिली नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ठेकेदारी कम्पाउंड निवासी चंद्रावती देवी ने सीसीएल भुरकुंडा कार्मिक पदाधिकारी के नाम त्राहीमाम पत्र सौंपा है। इसमें कहा है कि 14 दिसंबर तक मुझे न्याय नहीं मिली तो 15 दिसंबर को मेरा पुत्र भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करेगा। सौंपे गये पत्र में कहा है कि मेरे पति स्व.रामनारायण पांडेय भुरकुंडा कोलियरी में जेनरल मजदूर कैटगरी वन के पद पर कार्यरत थे। सेवा काल के दौरान ही 12 मई 1997 को वे कार्य स्थल से



पीड़िता चंद्रावती देवी

लापता हो गये। इसकी सूचना कोलियरी प्रबंधन व भुरकुंडा ओपी को दी गई थी। कंपनी के नियमानुसार 7 वर्ष बीत जाने के बाद मैंने अपने पुत्र के नौकरी को ले प्रबंधन को आवेदन दिया। लेकिन प्रबंधन ने अपना पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद वर्ष 2005 में मैंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने 2015 में मेरे पुत्र को नौकरी व बकाया राशि व मुआवजा देने का आदेश दिया था। आदेश की प्रति को ले मैं वर्ष 2016, 17, 20, 21 और 2022 को प्रबंधन से न्याय की गुहार लगाती रही। लेकिन प्रबंधन ने मेरी एक न सुनी। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा ने भी कोल इंडिया चेयरमैन को इस बावत लिखित पत्र दिया था। बावजूद इसके सीसीएल कार्यालय द्वारा अपने मजदूर के परिवार के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई गई और न ही मेरे आवेदनो पर संज्ञान लिया गया।

एक नजर में

## अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपहरण कर फिरौती मांगे जाने के एक पुराने मामले में एक अप्रथमिक को दारू थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दारू थाना में काण्ड संख्या 81/17 में 31 जुलाई 2017 को दर्ज मामले में धारा 364( )/386/387/34 भादवि एवं 17 सी एल ए एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त कैला उर्फ रोहित मेहता उम्र-32 वर्ष पिता रणबीर कुमार मेहता, ग्राम चम्पाडीह, थाना पदमा ओपी जिला हजारीबाग को झुमरा से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रविवार को भेजा दिया गया।

## सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

**चरही।** चरही के सीसीएल ऑफिसर क्लब में पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के बैनर तले आयोजित सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को वैदिक मंत्रोउच्चारण व यज्ञ,हवन कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हो गई। ऑफिसर क्लब चरही में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक झारखंड राज्य के प्रभारी राम जीवन पाण्डेय व प्रखण्ड भारत स्वाभिमान प्रभारी विजय कुमार दास के द्वारा लोगों को लगातार सात दिन तक योग के संबंध में जानकारी देते हुए सिखाने का काम किया।साथ ही योग कार्यक्रम को आगे निरंतर बरकरार रखने को लेकर प्रखंड कोर कमेटी का गठन किया गया।जिसमें संरक्षक प्रभारी बलराम सिंह,प्रखंड प्रभारी भारत स्वामिभान प्रभारी विजय कुमार दास को बनाया गया।वहीं पतंजलि योग समिति प्रखंड प्रभारी रमेश यादव, युवा भारत प्रखंड प्रभारी मनोज ठाकुर,पतंजलि किसान सेवा प्रभारी मोहन महतो,मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सिंहा,कोषाध्यक्ष रविंद्र सोनी को बनाया गया। इसके अलावे 11 सदस्य द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह,उमेश सिंह,कामता पडित, होरिल शर्मा, रमेश यादव उर्फ रामू, परमेश्वर महतो को बनाया गया।

## नौकरी और मुआवजा की मांग

**चरही।** चरही निवासी रामचरण करमाली ने सीसीएल महाप्रबंधक को आवेदन दिया है।जिसमें लिखा है कि मेरे परदादा गेंदवा गोडाइत के नाम से खाता नंबर 04 प्लॉट,नंबर 833 जिसका रकवा 0.34 डिसमिस है।उक्त भूमि महाप्रबंधक कार्यालय के कैम्पस में अवस्थित है। मेरे जमीन को महाप्रबंधक ने कैसे अधिग्रहित की है।किसी को मालूम नहीं है।इसका आज तक कोई मुआवजा नहीं मिला है।आगे यह भी लिखा है कि अंचल कार्यालय चुरचू के पंजी दो में मेरे परदादा के नाम आज दर्ज है।इस जमीन की लगान प्रति वर्ष देता आ रहा हूँ।जिसकी सरकारी रसीद साल दर साल कटाता आ रहा हूँ।चरण करमाली ने महाप्रबंधक से जमीन के बदले नौकरी और मुआवजे की मांग किया है।

## श्री श्री हनुमान मंदिर नव निर्माण समिति की बैठक संपन्न

**चरही।** श्री श्री हनुमान मंदिर नव निर्माण समिति चरही की बैठक रविवार को मंडाटांड में हुई। जिसकी अध्यक्षता चुरचू जिप सदस्य बासुदेव करमाली तथा संचालन उमेश कुमार सिंह ने किया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर के अधूरे निर्माण कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो गया है।जिप सदस्य ने कहा कि इस निर्माण कार्य में सभी लोगों कि भागेदारी पूर्व की भांति इस बार भी बढ़-चढ़कर होगी। जब तक मंदिर का निर्माण कार्य संपन्न नहीं हो जाता, तब तक प्रत्येक रविवार को सुबह 8 बजे निर्धारित स्थान पर बैठक होते रहेगी। बैठक में अजित सिंह, काशी नाथ गंझू, किशुन महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## 5 से बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य ठप करेंगे विस्थापित ग्रामीण : योगेंद्र यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा के विस्थापित ग्रामीणों की बैठक रविवार को रिचीबंधा नयाटोला ग्राउंड में हुई। इसकी अध्यक्षता सुनील मुंडा और संचालन रवि महली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो युवा नेता योगेंद्र यादव उपस्थित थे। बैठक में 12 नवंबर को सौंपे गये मांग-पत्र पर चर्चा करते हुए कहा गया कि प्रबंधन आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की। जिससे ग्रामीण विस्थापितों में रोष व्याप्त है। निर्णय हुआ कि आगामी 5 दिसंबर से बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य अनिश्चकाल के लिए ठप करा दिया जायेगा।

## हाइवा की चपेट में आने से कार क्षतिग्रस्त

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पतरातु रामगढ़ फोरलेन मुख्य सड़क पर चैनगडा हेहल के समीप रविवार को हाइवा के चपेटे में आने से स्विफ्ट डिजायर कार क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही कार में सवार लोग बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा रीवर साईड निवासी सूरज नायक स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 24बी 2079 से रामगढ़ की ओर जा रहे थें। इसी दौरान हेहल के समीप पीछे सा आ रही हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि कार पर सवार सूरज नायक सहित एक महिला व दो बच्चे बाल-बाल बच गये।

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा की बैठक रविवार को बलकुदरा तुमुलटोंगरी में हुई। इसकी अध्यक्षता कुलदीप यादव व संचालन गुलब्सा परवीन व सुनीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। कहा गया कि बलकुदरा खुली खदान को ले मोर्चा द्वारा प्रबंधन को छह सूत्री मांग-पत्र सौंपी गई थी। लेकिन प्रबंधन ने इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं की इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। निर्णय हुआ कि आगामी 21 दिसंबर को मोर्चा विशाल जुलूस के साथ बलकुदरा खदान के समक्ष प्रदर्शन करेगी।

## विस्थापित-प्रभावित अधिकार समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल थाना क्षेत्र के रसदा शिव शक्ति मंदिर प्रांगण में रविवार को विस्थापित-प्रभावित अधिकार समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वाहिद अंसारी व संचालन दयानंद प्रजापति एवं मकसूद आलम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करते हुए इसमें अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। साथ ही कार्यक्रम की सफलता को ले 75 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। निर्णय हुआ कि इसका प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा।

## गांव के टोला-मोहल्ला में चलाया जागरूकता अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदिवासी-मूलवासी रैयत विस्थापित संघ ग्रामीणों के हक-अधिकार को ले रविवार को बलकुदरा पंचायत के प्रत्येक टोला-मुहल्ला में बैठक कर ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से बलकुदरा पंचायत के प्रत्येक टोला-मोहल्ला में नुक्कड़ सभा का भी आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान संघ के अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि बलकुदरा में सेल चालू करा बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने एवं मालिकाना हक दिलाने के हमसबों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

## बलकुदरा लोकल सेल खोलने को ले आंदोलन करेगा विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा : विजय मुंडा

**बासल (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को बलकुदरा में हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया विजय मुंडा ने की। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से प्रबंधन सीटीओ लेने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर झूठे-लोक लुभावन आश्वासन देती रही। लेकिन यह कभी धरातल पर नहीं उतरा। आश्वासन कागजों तक ही सीमित रह गया। स्थानीय ग्रामीण शुरू से ही लोकल सेल खोलने की मांग करते आ रहे हैं। निर्णय हुआ कि 15 दिनों के अंदर प्रबंधन लोकल सेल खोलने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की तो मोर्चा आंदोलन को बाध्य होगा। मोर्चा द्वारा बलकुदरा आउटसोर्सिंग में चल रहे डिस्पैच को अनिश्चितकालीन ठप कर दिया जायेगा। यह भी निर्णय हुआ कि जल्द ही प्रबंधन को लोकल सेल खोलने सहित 10 सूत्री मांग-पत्र सौंपा जायेगा।

स्पीड न्यूज

## जिला फुटबाल टीम का चयन ट्रायल 29 से

**गुमला।** झारखंड अंतर जिला फुटबॉल टूनामेंट में भाग लेने हेतु जिला फुटबॉल टीम गुमला का चयन ओपेन ट्रायल के माध्यम से 29 एवं 30 नवंबर 2022 को दिन के 10 बजे से परमबीर अलबर्ट एक्का एस्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सभी फुटबॉल क्लब एवं खिलाड़ियों से भाग लेने की अपील की गई है। इसके माध्यम से ही संतोष ट्राफी में भाग लेने हेतु झारखंड फुटबॉल टीम का गठन किया जाएगा। यह जानकारी जिला फुटबॉल संघ के सचिव सागर उरांव ने दी है।

## चरमराई विद्युत व्यवस्था पर ध्यान दें जनप्रतिनिधिः सामाजिक विचार मंच

**लोहरदगा।** जिले में चरमराई हुई विद्युत व्यवस्था के कारण आम जनमानस परेशान हैं। चौबीस घंटो में मात्र दस से बारह घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण छात्रों, बडे उद्यमियों, गृहणीयो, छोटे-बड़े उद्योग,दुकानदार सहित सभी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक विचार मंच जनप्रतिनिधियों से यह निवेदन करती है कि इस अव्यवस्थित और चरमराई हुई विद्युत व्यवस्था मे अविलंब सुधार करवाया जाए। सुधार नहीं होने की स्थिति में सामाजिक विचार मंच आंदोलन को बाध्य होगी एवं आम जनता के साथ विद्युत कार्यालय का घेराव करेगी।

## जेएनडी किसान मंच का धरना आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के किसान मंच व अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के बैनर तले जिला मुख्यालय गुमला में चेतावनी कार्यक्रम के तहत 28 नवंबर को धरना दिया जाएगा। धरना कार्यक्रम के तहत किसान हित की योजनाओं के नाम पर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा धान खरीदी में हाथों-हाथ भुगतान जैसे सवालों को प्रमुखता से उठाई जाएगी।

## राजीव गांधी पंचायती समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** जिला राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का आवश्यक बैठक राजेंद्र भवन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार ने करते हुए कहा की भारत गांवों का देश है। गांव और ग्रामीण जब तक मजबूत नहीं होंगे तब तक देश का समुचित विकास संभव नहीं है। बैठक में जोनल कोऑर्डिनेटर कैसर इकबाल खान, विनोद सिंह खरवार, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद के सदस्यगण, प्रमुखगण एवं अनमोल तिर्की, अंसार अहमद, सूरज लगड़ा, एवं राजू उपस्थित रहे।

## 26/11 को याद कर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** बजरंग दल के नेतृत्व में बीआईडी स्थित काबुम डांस सेंटर में 26/11 मुंबई के ताज होटल में घटी आतंकी घटना में शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जिला संयोजक सचिन कुमार ने कहा की ये घटना काफी शर्मसार और निंदनीय है और जिस तरह पाकिस्तान ऐसे आतंकियों को पाल रहा है, एक दिन उसे ही यह भारी पड़ेगा। संघ नगर बाल प्रमुख सत्यम कुमार ने बतलाया कि शहीद तुकाराम ओम्बले अपनी जान की परवाह किए बिना आतंकी कसाब को जिंदा पकड़ने के क्रम में 23 गोली खाकर भी आतंकी को जाने नहीं दिए। दुर्गा वाहिनी रिया कुमारी ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बतलाया कि भारत का संविधान लिखित रूप में है तथा ब्रिटेन और अन्य देशो का संविधान मौखिक है। स्नेहलता पाठक ने बतलाया कि हमारा संविधान 26 नवंबर1949 में अपनाया गया और उसे लागू 26 जनवरी 1950 में की गई। कार्यक्रम में शौर्य पांडे, विराट सिंह, तनीश मित्तल, आदित्य तिर्की, पीहू मित्तल, अर्पिता कुमारी, सृष्टि पांडे, चांदनी उरांव, तनीषा तिर्की, साक्षी सिंह, मानसी कुमारी, सिद्धि कुमारी, काव्या कुमारी, नव्या कुमारी, साक्षी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

# नव कुंडीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

कलश यात्रा में शामिल हुई 21 सौ महिलाएं व बहनें, जय श्री राम के जयघोष से गुंजा क्षेत्र



**खबर मन्त्र संवददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के सेहल गांव में नव कुंडीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में 2100 महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई। कलश यात्रा सेहल बाजार टांड़ महायज्ञ स्थल से शुरू होकर जलका डैम पहुंचा। जहां आचार्य कल्याण बाबा और अन्य आचार्य के वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश में जल उठाया गया। जय श्री राम जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कलश यात्रा का नेतृत्व महायज्ञ के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव, कल्याण बाबा, कथा वाचक किशोरी असिता ,समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरुण कुमार पांडे, अरविंद पाठक सहित अन्य लोगों ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने कहा कि मानव कल्याण के लिए यह महायज्ञ 9 दिनों का कराया जा रहा है। जिसके निमित्त आज कलश यात्रा निकाली गई है। हजारों की संख्या में लोग कलश यात्रा में शामिल हुए हैं। वही 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। मुख्य अचार्य कल्याण बाबा ने कहा कि महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य लोगों का कल्याण हो आप सभी 9 दिनों तक महायज्ञ में शामिल हो। इस अवसर पर जिप सदस्य सतवंती देवी, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, विपिन बिहारी सिंह, भिखारी भगत, जगत ठाकुर, समाजसेवी प्रताप जायसवाल, अरविंद पाठक, अरुण कुमार पांडे, अजय गुप्ता, नीरज कुमार साहू, संजय सिंह, प्रवीण साहू, सुमित गोस्वामी, बजरंग पासवान, प्रदीप जायसवाल, मोहन यादव, शिवटहल साहू, धनंजय मुंडा, आजाद साहू, उमेश सिंह, महादेव उरांव, हिमांशु पाठक, प्रियंका देवी, पूजा कुमारी, जयंती कुमारी, प्रिया कुमारी, काजल कुमारी सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, लाखों की लकड़ी लदा ट्रक जब्त



जब्त लकड़ी बोटा लदा ट्रक के साथ वन विभाग के अधिकारी

**खबर मन्त्र संवददाता**

**चैनपुर।** वन विभाग ने रविवार को लकड़ी तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर लाखों रूपये की लकड़ी ट्रक सहित जब्त की है। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरुमगढ वन क्षेत्र के लापू अंबाटोली गांव में शनिवार की देर रात वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला श्रीकांत के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया और शनिवार के रात्रि टीम मौके पर पहुंची। टीम के आने की भनक लगते ही तस्कर मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने देखा कि एक ट्रक सीजी 04 डीसी 6665 में लाखों रुपए का अवैध लकड़ी बोटा लोड किया हुआ है और उसे तस्करी करने की योजना थी। वहीं रविवार की सुबह जानकारी देते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला श्री श्रीकांत ने बताया कि अवैध लकड़ी बोटा के साथ एक ट्रक जब्त किया गया है लेकिन तस्कर भागने में सफल रहे। विभाग पूरे मामले की जांच कर रही है। निश्चित रूप से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## टीसीसी जूनियर ने गुमला ग्लेडिएटर को 222 रन से हराकर किया खिताब पर कब्जा

करण कुमार बने मैन ऑफ द सीरीज व बेस्ट बॉलर

अशीशन कुमार रहे बेस्ट बैट्समैन



विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ी ट्राफी के साथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** तेलंगा खड़िया स्टेडियम पार्ट 2 में गुमला डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन जूनियर डिविजन लीग का फाइनल मुकाबला टीसीसी जूनियर बनाम गुमला ग्लेडिएटर के बीच खेला गया। जिसमें गुमला ग्लैडिएटर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीसीसी जूनियर की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 8 विकेट खोकर 281 रन बनाए। जिसमें एकलव्य ने 66, करण ने 64 और आशीष कुमार ने 54 रन की पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी गुमला ग्लेडिएटर की टीम ने सभी विकेट खोकर मात्र 59 रन पर ही ऑल आउट हो गई। टीसीसी के तरफ से हर्ष कुमार ने अच्छी बॉलिंग करते हुए 4 विकेट झटके। वहीं अफनान ने भी 3 विकेट झटके। इसी के साथ मैन ऑफ द फाइनल करण कुमार को चुना गया। वहीं पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करण कुमार ने पूरे टूनार्मेंट में 91 रन व 12 विकेट लेकर मैन ऑफ द सीरीज के खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बॉल से कमाल दिखाने पर बेस्ट बॉलर करण कुमार को दिया गया और वही बैट से कमाल दिखाने पर बेस्ट बैट्समैन का खिताब अशीशन कुमार को दिया गया। मौके पर गुमला डिस्ट्रिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट कुलदीप सिंह, सेक्रेटरी जितेंद्र कुमार सिंह, मनोज चौधरी, शशि प्रिया बंटी, ओम शंकर सिंह, शदय प्रताप जायसवाल, आनंद भारती, शिवम जायसवाल, अरविंद सिंह, सुरेंद्र लाल, अरविंद मिश्रा, ज्ञान प्रकाश, सौरभ कुमार,आयुष राज, मनीष ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संविधान में रखो आस्था मत चुनो गलत रास्ता के उदघोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल जो प्राधिकार के अध्यक्ष हैं के मार्गदर्शन में डालसा, लोहरदगा दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक 'संविधान सप्ताह' मना रहा है। जिस की विधिवत शुरूआत कल संविधान दिवस के दिन संविधान के प्रस्तावना पाठ के साथ किया गया था, उसी कड़ी में सामान्य जन मानस में संविधान के प्रति आदर भाव जागृत करने के आशय से 'प्रभात फेरी' निकाली गई। लोहरदगा न्यायमंडल के, न्यायाधीशों ने डालसा सचिव के अनुरोध पर कार्यक्रम की अगुवाई की।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य 'प्रभात फेरी' निकाली गई। जिसमें 500 से अधिक बच्चे हाथ में नख्तिया, पोस्टर, बैनर लेकर, शहर के लोगों को संविधान के प्रति जागरूक किया। दिनांक 29 नवंबर को भी संविधान की महत्व तथा मौलिक कर्तव्य को लेकर विद्यालयों में प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मन की बात कार्यक्रम से हमे मिलती है ऊर्जा: मनीर



**लोहरदगा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के 95वाँ एपिसोड जिला भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकताओं ने अपनी बूथों पर सुना। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव बगडू ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक रविवार के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मौके पर जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री वर्तमान आधुनिक युग की भागदौड़ में गांव एवं शहर अपनी संस्कृति एवं छोटे-छोटे प्रयास से किस प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इससे लेकर लोगों को जागरूक करने का एक बहुत ही बड़ी माध्यम बनाया है जनता की मूल भाव को लोगों के बीच स्वयं आकर बताना किसी भी देश के नागरिकों के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

## नगर में समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव महिला टीम की हुई बैठक




बैठक में शामिल मिशन बदलाव के सदस्य

**गुमला।** नगर परिषद क्षेत्र गुमला में व्याप्त समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव महिला टीम की बैठक रविवार को हुई। बैठक में मिशन बदलाव महिला टीम के सदस्यों ने वार्ड की समस्या को नगरपरिषद एवं प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया। साथ ही बैठक में यह तय किया गया कि नगर परिषद की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो महिला टीम आंदोलन करेगी। मौके पर सैयदा खातुन ने कहा कि गुमला नगरपरिषद में कई ऐसे वार्ड है जहाँ कही भी नाली की साफ सफाई नहीं किया जाता है। नगर परिषद के द्वारा बनाया गया जलमीनार भी खराब है। सभी जगहों पर बिजली एवं पोल खुंटा की जरूरत है लेकिन अभी भी सभी मूलभूत समस्याओं से गुमला नगरपरिषद गुजर रहा है। ज्योति कुमारी एवं ज्योति गोलरिया कुजूर ने कहा कि अभी भी बहुत ऐसे वार्ड है जहां पानी की समस्या है और पानी का सप्लाई सुचारू पूर्वक नहीं होता है। कभी कभी मुश्किल से एक से दो घण्टे ही पानी मिल पाता है। बैठक में मिशन बदलाव सचिव ज्योति ग्लोरया कुजूर, सदस्य चंद्रकला टोप्पो, यस्मिन जहाँ आरा, अनिता कुमारी, संगीता देवी, नीलम कुमारी, तैयबा फातिमा, प्रदीप बखला, अनुपम खलखो सहित अन्य सदस्य उपस्थित थी।

## आयुष चिकित्सा लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है: दीक्षित




समापन समारोह में लोगों को संबोधित करते अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय आयुष मेला का समापन रविवार को हुआ। समापन कार्यक्रम में आयुष के रांची नोडल पदाधिकारी डॉ मुकुल दीक्षित और जिला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर परमहंस प्रसाद शामिल हुए। मौके पर 600 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करा कर निशुल्क दवा लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आयुष रांची के नोडल पदाधिकारी डॉ मुकुल दीक्षित ने कहा कि आयुष लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। लोग अब होम्योपैथिक आयुर्वेदिक की ओर बढ़ रहे हैं। जिला चिकित्सा आयुष पदाधिकारी डॉक्टर परमहंस प्रसाद ने कहा कि होम्योपैथिक आयुर्वेदिक के दबा में कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। इस मौके पर आयुष , यूनानी, कासा संस्थान, प्रदान, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग महिला विकास मंडल के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम में आयुष चिकित्सकों में डॉ अनिल, डॉ मंजरी, डॉ रेनू तिर्की, डॉक्टर विनय कुमार, डॉ अनुराधा, यूनानी डॉक्टर फरजाना इमाम, डॉक्टर राजेश, गजराज , जितेंद्र कुमार, अभिनंदन, प्रणव, सहित कासा प्रदान महिला विकास मंडल के कई सदस्य सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्य: कर्नल सुदीप सिन्हा




**गुमला।** एनसीसी दिवस के अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला के तत्वावधान में उर्सु लाइन इंटर कालेज में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्नल सुदीप सिन्हा ने कहा कि रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्य है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच हो, वजन 45 किलोग्राम या अधिक हो तथा हीमोग्लोबिन कम से कम 12.5 ग्राम प्रति डेसीलीटर हो रक्तदान कर सकता है। इस अवसर पर 91 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया तथा 19 स्टाफ, 7 जेसीओ, 9 एनसीओ, 3 एएनओ, 2 सीटीओ तथा 155 कैडेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूबेदार मेजर वि एल हमुआका, सूबेदार ओंकारसिंह, श्री राकेश कुमार आदि ने अहम भूमिका निभायी।

## एक नजर में

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष लोहरदगा में आज

**लोहरदगा।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्या शबनम प्रवीण एवं आयोग के अन्य 3-4 कर्मी आज 28 नवम्बर को लोहरदगा जिला पहुंचेंगे। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा लंबित परिवाद पत्र की सुनवाई तथा जिले के सभी 66 पंचायतों के मुखिया से संवाद जन सुनवाई किया जाएगा। जिसमे पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा (लोहरदगा प्रखंड परिसर) में लोहरदगा जिले के सभी प्रखण्डों के पंचायतों के मुखिया से संवाद कार्यक्रम होगा। उसके बाद अपराह्न 02:30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक नया नगर भवन लोहरदगा (लोहरदगा प्रखंड परिसर) में जन सुनवाई एवं जन सुनवाई हेतु जिले अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित योजना, जन वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित सुनवाई एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमे खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभान्वित लाभुक यथा; जन वितरण, मध्याह्न भोजन योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित अपनी शिकायत रख सकते हैं।

### बिजली खंभे को अपने आगोश में लिया पेड़ की शाखाओं ने



**गुमला।** केदार बगान स्थित बिजली का खंभ पूरी तरह पेड़ की झाड़ियों के आगोश में आकर ढंक गया है। जिसे बड़ी दुर्घटना की आशंका स्थानीय लोग जता रहे हैं। बिजली के तारों को स्पर्श करते हुए पेड़ की शाखाएं चारों ओर उग आयी है। पेड़ की शाखाओं के कारण बिजली के तार भी नजर नहीं आती है। कभी घरेलू कनेक्शन खराब होने पर उसे ठीक करने में पशीने छूट जाएंगे। वहीं पेड़ के शाखाओं के कारण लोग तारों के स्पार्क करने की भी आशंका जता रहे हैं। स्थानीय लोग विद्युत विभाग से बिजली के तारों के पास से पेड़ की टहनी व शाखाओं की छटन करने की अपील की है।

### सिसई रोड पोद्दार धर्मशाला के पास गाय के बच्चे का सर देखकर लोग परेशान

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र के सिसई रोड स्थित पोद्दार धर्मशाला के नजदीक एक छोटे गाय के बच्चे का सर रविवार की सुबह अचानक सड़क पर देखकर लोग परेशान हो गये। तत्काल मामले की सूचना गुमला थाना को दी गई। गुमला पुलिस सिसई रोड पहुंचकर गाय के बच्चे के सर को अपने साथ उठाकर ले गई। घटनास्थल के पास दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्थानीय लोगों ने गाय के बच्चे के सर गिरने की जांच की तो पाया गया कि एक कुत्ते के द्वारा वहां पर लाकर छोड़ा गया था। इधर बीच सड़क पर गाय के बच्चे का सर मिलने से लोग धीरे-धीरे इक्ठा होने लगे थे लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले का शांत कर दिया। इधर लोग अशांका जता रहे हैं कि राज्य में गौ हत्या निषेध कानून लागू होने के बाद भी गौ हत्या जोरों पर की जा रही है। लोगों का कहना था कि जब गौ हत्या प्रतिबंध है तो गाय के बच्चे का सर कुत्ता कहां से लेकर आया।

### सामाजिक कुरीतियों व नशापान के कारण लोग अंधविश्वास की जद में आ जाते हैं: थाना प्रभारी



**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के लावावार गांव में रविवार को थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को मानव तस्करी, नशापान, साइबर अपराध, डायन बिसाही, माव लिंचिंग, आदि विषयों पर चर्चा कर जागरूक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों व नशापान के कारण लोग अंधविश्वास से जकड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हम अंधविश्वास की समस्या को समाप्त कर सकते हैं। डायन-बिसाही मात्र एक अंधविश्वास है। लोग बीमार पड़े तो अपना इलाज करायें। झाड़ फूंक व ओझागुणी के कारण लोग अंधविश्वास की चपेट में आ जाते हैं। इस दौरान थाना प्रभारी के द्वारा कंबल का भी वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। मौके पर स्थानीय मुखिया जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।

### परमवीर अलबर्ट एक्का हॉकी लीग का सुपर मैच में बालक वर्ग में खेले गये चार मैच



**गुमला।** संत इग्नासियुस स्ट्रोटूफ हॉकी मैदान में चल रहे परमवीर अलबर्ट एक्का हॉकी सुपर लीग का मैच रविवार को बालक वर्ग में संत इग्नासियुस हाई स्कूल गुमला बनाम हॉकी अकादमी मांझाटोली के बीच खेला गया। जिसमें संत इग्नासियुस हाई स्कूल की टीम 7-2 से बिजय हासिल किया। दूसरा मैच रजावल हॉकी डुमरी टीम व जय किसान उच्च विद्यालय मांझाटोली के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों में जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। जिसमें मांझाटोली की टीम 3-0 से जीत दर्ज किया। तीसरा मैच दलमदी बसिया की टीम व पालकोट हॉकी टीम के बीच खेला गया और चौथा मैच कार्तिक उरांव कालेज गुमला बनाम बारवे के टीम के बीच खेला गया। सुपर लीग के दूसरे दिन के मैच में बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रेस एसोसिएशन के महासचिव दुर्जय पासवान, मुकेश कुमार सोनी, दीपक राम काजू, रोशन जयसवाल, अनिल कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत शुभारंभ किया। वहीं बालिका वर्ग का सुपर लीग का मैच आरसी मिशन सोसो बनाम कामडारा के बीच खेला गया। जिसमें कामडारा की टीम 2-1 से जीत दर्ज किया। दूसरा मैच रजावल डुमरी की टीम बनाम उर्सु लाइन स्कूल गुमला के बीच खेला गया। जिसमें उर्सु लाइन स्कूल की टीम ने एकतरफा मुकाबले में 7-0 से जीत दर्ज किया। बालिका वर्ग का मैच का शुभारंभ सामाजसेवी निर्मल गोयल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर नोर्बट कुजूर, कैप्टन लोहरा उरांव चुमनू उरांव पीटर किंडो,अभय टोप्पो संदीप टोप्पो बासिल तिर्की, रोशन मिंज,अनुप फ्रांसिस कुजूर, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर तीन युवक हुए घायल

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के ग्राम बेरी पेट्रोल पंप के पास देर शाम तीन युवक बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायल युवकों में रेनटोली निवासी 25 वर्षीय सुबल कुजूर, कुरूंद निवासी सत्या कुजूर व सैलेंद्र कुजूर के नाम शामिल है। घायलों को नवाडीह पंचायत के मुखिया चेतन लाल मिंज के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लाया गया।

## गंगा-जमुनी तहजीब को इनकार कर अखंड भारत का सपना बेकार: शाह उमैर



कार्यक्रम में मौजूद लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जमीयत उलेमा झारखंड जिला लोहरदगा के द्वारा सद्भावना संसद का आयोजन लोहरदगा में हुआ। जिसकी अध्यक्षता जमीअत उलेमा जिला लोहरदगा के अध्यक्ष मौलाना अहसन इमाम मजाहरी ने किया और संचालन प्रख्यात समाजसेवी सह सीनियर पत्रकार गुलाम शाहिद ने किया। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि जमीअत उलेमा झारखंड के कोषाध्यक्ष शाह उमैर और विशिष्ट अतिथि लिवेंस एकेडमी के फादर थॉमस, थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा, मास्टर राम चंद्र गिरी, माले नेता महेश कुमार सिंह, राजद के बालमुकुंद लोहरा, पार्षद दिनेश पांडे, प्रोफेसर शंभू कुमार, जमीअत उलेमा-ए-हिन्द झारखंड के महासचिव मौलाना डॉक्टर असगर मिस्बाही आदि मौजूद थे। फादर थॉमस ने अपने संबोधन में कहा कि सद्भावना संसद के आयोजन कर्ता को मुबारकबाद पेश करते हैं। इस तरह के प्रोग्राम से आपसी दूरी मिटेगी। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे अपने परिवार और अपने घर से सीखते हैं। इसलिए अपने घर में सही माहौल बनाएं। हम सब को शांति का दूत बनकर जीना होगा। वहीं मुख्य अतिथि शाह उमैर ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब के बगैर अखंड भारत नहीं बन सकता। हमें अपने समाज, अपने देश से प्यार करना होगा। हमें एक दूसरे के दुख दर्द में शामिल होकर और नफरत को मिटाकर मोहब्बत को फैलाना होगा। वहीं पत्रकार कयूम खान ने कहा कि भारत देश एकता में अखंडता की मिसाल है। मौके पर जियाउद्दीन जाहिद, जमीयत के उपाध्यक्ष ताबीश आलम, किशोर कुमार वर्मा, प्रोफेसर शंभू कुमार, मास्टर राम चंद्र गिरी, मौलाना नसीम रहमानी कैरो, मौलाना मेराज, मौलाना गुलाम रब्बानी, मुफ्ती उमर, हाजी जहीरुल इस्लाम, मौलाना अब्दुल कयूम बलसोकरा समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

# टाटा स्टील ने कोक प्लांट में बंद पड़ी बैटरी-5 की 110 मीटर ऊंची चिमनी को महज 11 सेकंड में किया ध्वस्त

- नियंत्रित इंप्लोजन के जरिए मात्र 11 सेकेंड में चिमनी ध्वस्त
- एडिफिस इंजीनियरिंग और अफ्रिकी कंपनी जेट डिमोलिस ने किया सहयोग
- ट्वीन टावर को ध्वस्त कर चर्चे में आयी थी एडिफिस इंजीनियरिंग







1. खड़ी 110 मीटर ऊंची चिमनी। 2. कंट्रोल इम्पलोजन के बाद ध्वस्त चिमनी और 3. सफल ऑपरेशन की जानकारी देते टाटा स्टील के वीपी अवनीश गु प्ता। साथ में वीपी चाणक्य चौधरी और कांट्रेक्ट पार्टनर।

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने 27 नवंबर, 2022 को सुबह 11 बजे, कोक प्लांट, जमशेदपुर में 110 मीटर (भारत में सबसे ऊंची) बैटरी - 5 चिमनी के नियोजित तरीके से नियंत्रित इम्प्लोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस दौरान सेफ्टी फर्स्ट टैग लाइन का पालन करने वाली टाटा स्टील के ऑपरेशनल प्लांट जिसके कैंपस में यह चिमनी थी उसके चारों ओर 200 मीटर की परिधि को खाली करवा लिया गया था। इस ऐतिहासिक डेमोलिस इंजीनियरिंग का गवाह बनने के लिए टाटा स्टील के इंजीनियर सुरक्षित क्षेत्र से नजारा ले रहे थे। पूरी प्रक्रिया सुरक्षित ढंग से अंजाम दिया गया। देश में पहली बार किसी ऑपरेशनल स्टील प्लांट के बीच स्थित स्क्रैप चिमनी को कंट्रोल इंप्लोजन टेक्निक से ध्वस्त किया गया है।

सुरक्षित तरीके से योजना अमल होने पर खुशी व्यक्त करते हुए टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट अवनीश गुप्ता ने पत्रकारों को बताया, इंप्लोजन को योजना के अनुसार निष्पादित किया गया था और यह कार्य हमारे कन्ट्रैक्ट पार्टनर, एडिफिस इंजीनियरिंग, इंडिया और जेट डिमोलिशन, साउथ अफ्रीका के सहयोग से 11 सेकंड में पूरा किया गया। इम्प्लोजन के बाद टाटा स्टील के साथ एडिफिस इंजीनियरिंग टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इम्प्लोजन के बाद आसपास के इलाकों का सर्वेक्षण करने के लिए ड्रोन तैनात किए गए थे और संपत्ति या लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। पूरी प्रक्रिया के दौरान टाटा स्टील की टीम के साथ एडिफिस इंजीनियरिंग के पार्टनर उत्कर्स मेहता, टाटा स्टील के कंसल्टेंट मोहन रामनाथन, जेट डिमोलिस प्रा लिमिटेड, दक्षिण अफ्रिका के सीइओ जो ब्रिंकमैन, टाटा स्टील के कुलदीप अरोड़ा मौजूद रहे।

एडिफिस इंजीनियरिंग के पार्टनर उत्कर्ष मेहता ने बताया, चिमनी को गिराने के लिए पांच मीटर की ऊंचाई तक चिमनी के आधी परिधि में डेटोनेटर लगाये गए थे। इसके लिए 48 किग्रा डेटोनेटर का उपयोग किया गया। हमने मैकेनिकल इंजीनिरिंग की प्रक्रिया के तहत पहले से तय क्षेत्र में ही चिमनी गिरायी। हमें खुशी है कि देश में अपनी तरह का पहला डिमोलिस सुरक्षित एवं सफल तरीके से संपन्न हुआ।

### आपात चिकित्सा समेत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ हुआ इंप्लोजन

टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी के अनुसार प्रभावी, सुरक्षित और पर्यावरण स्नेही तरीके से इम्प्लोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए गए थे। डॉक्टरों के साथ एंबुलेंस, फायर टेंडर और इमर्जेन्सी रिस्पांस टीम जैसी आवश्यक आपातकालीन सेवाएं साइट पर तैनात थीं और इम्प्लोजन के दौरान आसपास के क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के लिए ड्रोन तैनात किए गए थे। सुरक्षित और पर्यावरण स्नेही तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए टाटा स्टील की टीम लगातार धूल, शोर और कंपन के स्तर की निगरानी कर रही थी। नियंत्रित इम्प्लोजन से उत्पन्न शोर और कंपन को उन्नत तकनीकों का उपयोग करके कम किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संयंत्र, उपकरण और कर्मियों को कोई नुकसान न हो। किसी भी घटना से निपटने के लिए आपातकालीन तैयारी योजनाएं और निकासी प्रक्रियाओं की रुपरेखा तैयार की गई थीं।

**जल्द कोक प्लांट में स्क्रैप कोल टावर और बैटरी - 6 चिमनी किया जायेगा ध्वस्त :** टाटाइ स्टील आने वाले महीनों में बेकार पड़े कोल टावर और बैटरी-6 को भी इसी तकनीक से ध्वस्त करेगी। यह जानकारी देते हुए टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट अवनीश गुप्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार कार्पोरेट के रूप में, टाटा स्टील सुरक्षित संचालन और अपने सभी हितधारकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# नोआमुंडी रन-ए-थन, 5400 से अधिक धावकों ने लगायी दौड़

- रन-ए-थन के जरिए टाटा स्टील ने हरित कल को दिया बढ़ावा
- 10 किमी रेस में राहुल और अराधना अव्वल, 7 किमी रेस में अर्जुन और अनीता अव्वल



दौड़ लगाते धावक।




विजेताओं के साथ मुख्य अतिथि व टाटा स्टील के वीपी रॉ मैटेरियल्स डीबी सुंदररामम,श्रीमती सुंदररामम व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नोआमुंडी/जमशेदपुर।** देश भर से 5400 से अधिक धावकों ने नोआमुंडी रन-ए-थन के चौथे संस्करण में भाग लिया, जो टाटा स्टील के ओर, माइंस एंड क्वैरीज (ओएमक्यू) डिवीजन का एक विशिष्ट कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत यहां रविवार को स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में हुई। 10 किमी, 7 किमी और 5 किमी दौड़ श्रेणियों को डीबी सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट (र मैटेरियल्स), टाटा स्टील ने डीबी शैलजा रामम, अतुल भटनागर, जनरल मैनेजर, ओएमक्यू, टाटा स्टील और सुरभि भटनागर की उपस्थिति में झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस वर्ष की थीम 'बिल्डिंग ए ग्रीनर टुमरो' के अनुरूप, स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स और रनिंग ट्रैक पर पर्यावरण के अनुकूल बायोफैब्रिक मटेरियल का उपयोग करते हुए संदेश दिया गया था।

रन-ए-थन पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 किमी और 7 किमी श्रेणियों में आयोजित किया गया था, स्कूलों और कलेजों से 12 से 16 वर्ष के बीच के लड़कों और लड़कियों के लिए 5 किमी दौड़ और दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्लूडी) के लिए 2 किमी दौड़ आयोजित की गई थी। तीनों श्रेणियों के विजेताओं को ट्रफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस श्रेणी के सभी दिव्यांगजनों धावकों के लिए अलग-अलग पुरस्कार भी वितरित किए गए। इसके अलावा, सभी श्रेणियों में शीर्ष तीन स्थानीय विजेताओं को भी गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी, नोआमुंडी और जोडा के परिधीय गांवों के लोग, टाटा स्टील के कर्मचारी, उनके परिवार के सदस्य और विभिन्न स्कूलों और संस्थानों के छात्र शामिल थे।

10 किमी दौड़ पुरुष संवर्ग में प्रथम पुरस्कार राहुल राजभर ने जीता जिन्हें ट्रॉफी और 51000 रुपये का चेक, द्वितीय स्थान पर अरशद अली को ट्रॉफी और 41000 रुपये का चेक दिया गया जबकि तृतीय स्थान पर चंदन भारद्वाज रहे जिन्हें ट्रॉफी और 21000 रुपये का चेक बतौर पुर स्कार दिया गया।

10 किमी में दौ ड़ महिला संवर्ग में अराधना सिंह पहले स्थान पर रही जि न्हें ट्रॉफी और 51000 रुपये का चेक बतौर पुरस्कार दिया गया। दूसरे स्थान पर पूजा मं डल रही जिन्हें 41000 रुपये का चेक और ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर रही संघमित्रा महाता को 31000 रुपये का चेक और ट्रॉफी मिली। सात किमी पुरुष संवर्ग में अर्जुन टुडू प्रथम,सुमित सिंह दूसरे और राजन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग 7 किमी दौड़ में अनीता गुर्जर प्रथम रहीं। अगला कर्पोरेट रन 18 दिसंबर, 2022 को कोलकाता में आयोजित किया जायेगा।

## मंगल कालिंदी ने तुरियाबेड़ा में दी शहीद सोबरन माझी को श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रविवार को झारखंड जानतांत्रिक महासभा और शहीद स्मारक समिति के तरफ से तुरियाबेड़ा के मनवाटोला में महाजनी प्रथा के लड़ते हुए अपना शहादत देने वाले योद्धा और झारखंड में मास्टर जी नाम से प्रसिद्ध सोबरन माझी का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसालाई के विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित थे।उन्होंने कहाँ कि आज जो झारखण्ड को देख रहे है। आज जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देख रहे है उसके पीछे सोबरोन माझी थे जिन्होंने अपने क्षेत्र में शिक्षा और अधिकार के लिए झारखंडी जनों को जागरूक किया था। आज उनके सपनो के झारखण्ड बनाना है। महासभा के दीपक रंजीत ने कहा कि आज हमलोग दिसुम गुरु के नाम से शिबू सोरेन को जानते है लेकिन सोबरोन माझी हमारे दिशूम के पहले शिक्षक थे जिनका सपना था कि झारखण्ड महाजनी प्रथा से मुक्त हो। हमलोग जल्द शिक्षा का अलख जगाने के तुरियाबेड़ा में हमलोग एक लाइब्रेरी की स्थापना करने जा रहे हैं।

## अल्पसंख्यक शिक्षकों को पेंशन जरूर मिलेगा: लिंडा

- एक महीने में अनुमोदन करें निदेशालय : होरो
- झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ का महाधिवेशन संपन्न




नये पदाधिकारियों का अभिनंदन करते प्रतिनिधिगण।

**खबर म न्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय महाधिवेशन रांची संत जन्स उच्च विद्यालय में संपन्न हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि इसे संबोधित करते हुए बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि वह अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं और उनकी सभी समस्याओं परेशानियों से अवगत हैं और उन्हें पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ जरूर मिलेगा। उन्होंने मिशनरियों तथा अल्पसंख्यक स्कूलों द्वारा दी जा रही स्तरीय शिक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाए हुए हैं और समाज राज्य देश के विकास में अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। विडंबना है कि कुछ पदाधिकारियों में नकारात्मक विचार होते हैं और उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है परंतु आप लोग अपनी एकता बनाए रखें, संघर्ष का रास्ता अपनाएं, आंदोलन करें, धरना प्रदर्शन करें। वह हमेशा साथ रहेंगे वहीं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सकारात्मक रवैया है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई नियमावली तभी कैबिनेट में ले जाएंगे जब उसे कमेटी अप्रूव करेगी। सिसई विधायक जीगा सुसारेन होरो ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर निदेशालय द्वारा अनुमोदन की समय सीमा एक महीने तय करने का आग्रह करेंगे।

# गुलमोहर स्कूल में नशामुक्ति पर सेमिनार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राज ब्रदर्स के नशा मुक्ति अभियान के चौथे सेमिनार का आयोजन नमन संस्थान एवं डी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में टेल्को स्थित गुलमोहर हाई स्कूल में किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया इस सेमिनार में बतौर अतिथि पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, नमन के संस्थापक एवं समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, कमांडर संजीव रमन, गुलमोहर हाई स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति सिन्हा, वाइस प्रिंसिपल अर्चना श्रीवास्तव, ब्रह्माकुमारी संस्थान की सेंटर हेड बहन प्रीति एवं राज ब्रदर्स के डायरेक्टर ऋतुराज उपस्थित रहे।

अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि युवा ही मादक पदार्थ के खिलाफ चल रहे आंदोलन व जागरूकता के इस रथ को गति प्रदान कर सकते है। काले ने कहा की एक समय था जब शहीद भगत सिंह, मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजा, महाराणा प्रताप, महारानी लक्ष्मी बाई, अशफाकुल्लाह खान जैसे महान क्रांतिकारी देश की आजादी के आंदोलन में शामिल हुए और देश को गुलामी से मुक्ति दिलायी उसी तरह आज जरूरत आन पड़ी है की आप युवा इस नशा मुक्ति व जागरूकता अभियान को जान लगा कर सफल बनायें ताकि हमारा परिवार, समाज व राष्ट्र इस महाविनाश से बच सके। काले ने कहा कि समाज में व्याप्त नशे की बुराइयों का त्याग होना चाहिए और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सभी को सहभागी बनना चाहिए। नमन नशा मुक्ति के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। कुणाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक व शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज ब्रदर्स के डायरेक्टर रवि राज एवं ऋतुराज, अमरजीत सिन्हा, रोहित श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, स्नेहित कुमार आदि उपस्थित थे।




सेमिनार का उद्घाटन करते कुणाल षाड़ंगी, अमरप्रीत सिंह काले व अन्य।

## स्पीड न्यूज

### यूनियन के सचिव जगजीत को पत्नी शोक



**जमशेदपुर।** गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी जगजीत सिंह (बाटो) की धर्मपत्नी परमजीत कौर का निधन टिनप्लेट अस्पताल में हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके टिनप्लेट टाउन ऑफिस के सामने हाकरा रोड स्थित उनके निवास स्थान से स्वर्णरेखा बर्निंग घाट में किया गया। दुख की इस घड़ी में पूरा टिनप्लेट परिवार उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यूनियन अध्यक्ष राकेशवर पांडे ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। दुख की इस घड़ी में पूरी यूनियन एवं टिनप्लेट परिवार उनके साथ खड़ा है। श्रद्धांजलि देने वालों में परविंदर सिंह सोहल, मनोज कुमार सिंह, सतनाम सिंह, मुन्ना खान, रमेश राव, वकील खान, साईं बाबू राजू, संजय कुमार, भूपेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, संग्राम किशोर दास, संजीव प्रसाद, जयशंकर सिंह, काशीनाथ राय , रणजीत सिंह, राकेश कुमार दिलबागी, बलदेव सिंह, इरावती लकड़ा, अमृत कुमार झा, सुजीत कुमार दास, निरंजन महापात्रा, फतेह चंद माझी, सुकेश कुमार मिश्रा, एम शेखर, गजराज सिंह, विनय कुमार साहू, कुंदन कुमार सिंह, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल, अनिल कुमार ,सूर्य भूषण शर्मा, विकास कुमार सिंह एवं टिनप्लेट हॉस्पिटल कर्मी थे।

### जमशेदपुर के प्रभात कुमार सिंह शिक्षक संघ के सचिव बने

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एडीएल स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रभात कुमार सिंह झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्य समिति में सर्वसम्मति से संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। इसके साथ ही संत जन्स उच्च विद्यालय रांची के प्रधानाध्यापक फादर फ्लोरेंस कुजूर अध्यक्ष, शमीउल्लाह खान और फादर विनोद टोप्पो उपाध्यक्ष, एंथोनी तिग्गा महासचिव, प्रभात कुमार सिंह, शशि भूषण महतो, मिथिलेश लाल कर्ण एवम अनीषा मुर्मू सचिव, रमेश कुमार सिंह कार्यालय सचिव, सिस्टर पुष्पा अरगट कोषाध्यक्ष चुनी गईं। प्रभात कुमार सिंह को चुने जाने पर कब्रिया उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद रिजवान अहमद, साकची हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार घोष, गुरु नानक उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलविंदर सिंह, पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि शिक्षक की समस्याओं के निराकरण में उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को दिशा देंगे। प्रभात कुमार सिंह जिला में लगातार तीन बार महासचिव रह चुके हैं।

### श्रीनाथ विवि में मना संविधान दिवस

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विवि, आदित्यपुर में शनिवार 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति ड. गोविंद महतो ने भारतीय संविधान के बारे चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान हम सभी को समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता तथा राष्ट्र की एकता के लिए प्रेरित करता है, साथ ही हमारी विश्व में एक अलग पहचान भी बनाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा सहायक प्राध्यापकों ने प्रस्तावना का पाठ सामूहिक रूप से किया। सहायक प्राध्यापक रचना रश्मि ने संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संविधान हमारे देश का नियामक है। यह हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के लिए भी जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक विनय सिंह शांडिल्य ने किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ड.प्रियंका प्रियदर्शनी, ड. देबोप्रिया सरकार, जयश्री सिंह, माधुरी कुमारी, बीना महतो , लक्ष्मी कुमारी ,नेहा सिंह , पल्लवी चौधरी, अनुज पांडे तथा सुधांशु शेखर महतो तथा अन्य प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### 29 कन्याओं की माताओं को सुरभि का सम्मान



**जमशेदपुर।** कन्या भ्रूण हत्या रोकने कार्यक्रम के तहत शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा ने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए एमजीएम हॉस्पिटल साकची में नवजात 29 कन्याओं की माताओं को सम्मानित किया। नवजात कन्याओं के लिए नयेऊनी कपड़े समेत उनकी माताओं को खाद्य सामग्री दी। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी के नेतृत्व में हुआ। सफल बनाने में शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, कार्यक्रम संयोजिका पूजा अग्रवाल का योगदान रहा। महिलाओं ने बताया कि सुरभि शाखा प्रत्येक माह और पिछले कई वर्षों से यह कार्यक्रम करते आ रही है।

### ईचागढ़ में विधायक ने की आयुष मेला की शुरुआत



**चांडिल।** विधायक सविता महतो ने पातकुम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर प्रखंड स्तरीय आयुष मेला का शुभारंभ किया। विधायक ने मेले में आये लोगों से नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने को कहा। कहा कि लोग आयुष चिकित्सा पद्धति से उपचार कर निरोग हो सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा। विधायक ने मेले में लगे सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। मौके पर कीकू महतो, हिमाद्री कुमारी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, निताई उरांव, किसुन किस्कु, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिपिन चंद्र गुप्ता, डीपीएम निर्मल दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पेंट ब्रश संस्था ने किया माहवारी के प्रति जागरूक



**पोटका।** पेंट ब्रश संस्था ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में छात्राओं को माहवारी व स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक ट्रस्टी ईशिका सिन्हा (आइएसएफ डीएफओ माउन प्रकाश की धर्मपत्नी), सदस्य पी विग्नेश्वरी (डीआईजी तमिलवाणन की धर्मपत्नी), डॉ ख्याति एस मित्तल (डीसी पश्चिम सिंहभूम अनन्य मित्तल की धर्मपत्नी), के मानसा (जमशेदपुर सिटी एसपी विजय शंकर की बहन) एवं आमंत्रित अतिथि मुखिया पानो सरदार व मुखिया सावित्री हांसदा ने छात्राओं को माहवारी पर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किशोरियों को 14 की उम्र से माहवारी आना एक सतत प्रक्रिया है। इससे घबराना नहीं बल्कि आपस में जानकारी साझा कर स्वच्छता का पालन करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए डा.ख्याति मित्तल से नि:शुल्क परामर्श लें। समाज में माहवारी पर जागरूकता फैलाएं। संस्था के द्वारा छात्राओं के बीच सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। इसके पूर्व स्कूल की छात्राओं ने अतिथियों का नृत्य संगीत गाकर स्वागत किया। संस्था के सभी सदस्यों ने छात्राओं संग नृत्य कर उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में वार्डन ज्योति सागर,शिक्षिका रुमा हलधर, पोटका थाना प्रभारी रबींद्र मुंडा,शिक्षक मोहन सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### महिला हिंसा के खिलाफ युवा ने निकाली पैदल रैली



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) की ओर से 16 दिवसीय अभियान हिंसा के खिलाफ हम सब की आवाज के दूसरे दिन और भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर पोटका प्रखंड के हाता चौक से हल्दीपोखर बाजार तक मुखिया,पंचायत समिति, पंचायत प्रतिनिधि, किशोरियों और महिलाओं द्वारा पैदल रैली की गई। जिसमें 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसका उद्देश्य महिला हिंसा को रोकना, सुरक्षित सड़क, सुरक्षित घर,सुरक्षित बाजार और अपने अधिकारों को सुरक्षित करते हुए समाज में लोगों के नजरिये को बदलना और जागरूकता फैलाना है। इस रैली का संचालन हल्दीपोखर की मुखिया श्रीमती देवी कुमारी भूमिज ने संभालते हुए जल्द/जबरन विवाह को रोकने, हमारा पसंद हमारा अधिकार, विकलांगता का अधिकार, विकलांगों की सुरक्षा और महिलाओं को न बांधने का नारा देते हुए पैदल रैली करवाया। महिलाओं के साथ विभिन्न प्रकार की हिंसा कर उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है, इसी विषय के संदर्भ में किशोरियों ने पंचायत भवन में जल्द/जबरन विवाह को रोकने एवं डायन प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया। जिसमें युवा के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात वाहन धक्के से महिला की मौत



**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार थाना क्षेत्र के पोडदाग बजरंग बली मन्दिर के निकट राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना बीते शनिवार रात 9 बजे की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार. सदमाकला पंचायत के पोडदाग गांव निवासी स्वण नरेश चन्द्र महतो की पत्नी मीणा देवी ;52द्ध वर्ष एक शादी समारोह में गांव की अन्य महिलाओं के साथ सड़क पार कर गीत गाने जा रही थीए इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत मौके पर हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पेटरवार पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए जहां पर चिकित्सा कर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया गया। इधर घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य प्रह्लाद महतोए सांसद प्रतिनिधि रीतेश कुमार सिन्हाए मुखिया प्रतिनिधि लालदेव महतो परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

## माता पार्वती के मंदिर निर्माण को लेकर बैठक

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट शिविर संख्या दो के शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक इदेश्वरी चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान मंदिर के सामने माता पार्वती का मंदिर बनाया जाएगा इसके लिए एक कमेटी का चयन किया गया जिसके अध्यक्ष बाबा भोलेनाथए कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप चौधरीए सचिव शैलेश चंद्र श्रीवास्तवए उपाध्यक्ष जगदीश सिंह एवं नरेंद्र सिंहए उपसचिव कमल लोचन सिंहए कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार एव धनंजय सिंहए संरक्षक ईदेश्वरी चौबे सहित कार्यकारिणी समिति में अनिल चौधरीए मंटू यादवए संजय यादवए हरे राम प्रसाद आदि का चयन किया गया।

## घर के सामने खड़े वाहन में लगायी आग

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार के खत्री मुहल्ला स्थित काली मंदिर के पास शनिवार की देर रात्रि में घर के बाहर खड़ी जीतो महिंद्रा नामक एक वैन में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी जिसके कारण वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। जिसके कारण वाहन मालिक चंडी चरण नायक को करीब तीन लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जल कर राख हो गयी। वाहन मालिक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपने घर के पास वाहन को खड़ा किया था। यह भी बताया कि बगल में शादी का कार्यक्रम होने के बाद 11 बजे रात्रि तक लोगो का आवागमन होते रहा। उन्होंने यह भी बताया कि घटना की जानकारी रविवार की सुबह गांव के स्व दिनेश मुंडा की पत्नी ने दी। ग्रामीण वाहन में लगे आग को बुझाने में काफी सहयोग किया लेकिन तब. तक वाहन पूरी तरह से जलकर राख हो गयी थी।

## नगर परिषद द्वारा 525 लोगों को नोटिस

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के शहरी पेयजलापूर्ति योजना के तहत आम नागरिको को उपलब्ध कराये जाने वाले जल के बिलो की बकाया आम नागरिको का है 13लाख 50हजार रूपया। इस संबध मे नगर परिषद द्वारा 525 लोगो को नोटिस दिया गया है। जल्द से जल्द बकाया जल बिल का भुगतान करने को लेकर सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि वैसे लोगो को नोटिस जारी किया गया जिन बकायदारों का बिल तीन हजार या तीन हजार से उपर है वही नगर परिषद की तैयारी और है कि कुल वैध जल कनेक्शन करीब ढाई हजार है वही अवैध कनेक्शन का भी सर्वे कराया जा रहा जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी ।उन्होने बताया कि बकायदारों को जल्द बकाया राशी जमा करने की नोटिस की गयी है नही करने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी ।उन्होने कहा की बकाया होने के वजह से नगर परिषद आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा है।

# लोयाबाद: घर का ताला तोड़ 3 लाख के गहने और 40 हजार नकद ले उड़े चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोयाबाद।** लोयाबाद के सेन्द्रा 5 नंबर में सुदामा चौहान के घर का ताला तोड़कर तीन लाख का जेवर और 40 हजार नकदी की चोरी क ली गई ।चोरी के समय घर खाली था ।मौसा के निधन पर दुग्धा,चन्द्रपुरा परिवार गया था ।घटना के जानकारी मिलने के बाद सुदामा चौहान अपनी पत्नी के साथ थाना में शिकायत की,लोयाबाद पुलिस घटना स्थल का निरक्षण किया है ।चोरी गए सामनो में सोने का झुमका 1 पीस ,सोने का बाली 1 पीस,नथिया 1 सेट, मांग टिका 1 पीस,मंगल सूत्र एक सेट,सोने का कंगन एक जोड़ी ।चांदी का पायल तीन सेट,चांदी का सिक्का तीन पीस के इलावे 40 हजार नकदी शामिल है ।घर के भीतर अलमीरा से सारा सामान चोरी किया गया है। चोरी के दौरान घर के सामान को तीतर बितर किया है। सुदामा की पत्नी की मामी सास सरिता देवी के पास बाहर गेट का चाभी था,सुबह 6 बजे के आसपास जब पानी लेने के लिए गेट का ताला खोली तो,अंदर का दृषय देखर वो हैरत में पड़ गयी,भीतर गेट का ताला टूटा हुआ था,करीब तीन ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया गया था। मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस से गुडिया देवी ने शिकायत की है ।रात करीब तीन बजे तक रात्रि पुलिस गश्ती दल वहां पर मौजूद थी। लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि इन लोगों को घटना का पता नहीं चला। बाहरी दरवाजा पर ताला लगा रहने के कारण समझ में नहीं आया होगा।

## बेरमो: मारपीट और छिनतई के मामले में मुकदमा दर्ज

**बेरमो/फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के बेरमो सीम निवासी पंकज सिंह 36 वर्षीय, पिता. स्वण कृष्णा सिंह ने शनिवार को कुछ लोगों द्वारा मार. पीटए गाली. ग्लोज व रुपए छीनताई को लेकर थाना में आवेदन दियाण उन्होने आवेदन के माध्यम से कहा कि 25 नवंबर को ट्रक संख्या जेएच 09वी 9221 के चालक सुरेन्द्र यादव डिहरी मंडी से कोयला खाली कर कारो मोड़ हिरक रोड़ के समीप सोहराई होटल के पास गाडी खड़ा कर हिसाब के लिये मुझे बुलाया तो मैं वहाँ पहुचा और गाड़ी के ड्राईवर से बात कर रहा थाण इसी बीच बेरमो सीम निवासी परशुराम सिंह के पुत्र नीरज सिंहए राम सिंह उर्फ त्रिशालए विशाल सिंहए प्रभात उर्फ कारू सिंहए दिलीप सिंह के पुत्र विजयजीत सिंहए लक्की सिंह मेरे गाडी के पास गये और बिना कुछ बोले गाड़ी के ड्राईवर सुरेंद्र यादव को गाली.गलौज करते हुये मार पीट करने लगे। इसे देख मैंने मना किया, लेकिन वे लोग नहीं मानें और मुझे भी गाली.गलौज करते हुए मार पीट किया। कहा कि करते हुये मेरा गाड़ी में चढ गयाण इसी बीच मेरा छोटा भाई अमरजीत सिंह आ गया और बचाने का कोशिश करने लगा तो वे लोग बोलने लगे की कोयला का काम करता है तो रंगदारी देना होगाण यह कहते हुए गाड़ी स्टॉटश कर भागने लगे।

## ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का मिलन समारोह

### ●दर्जनों लोग हुए पार्टी में शामिल



**धनबाद।** रविवार को हीरापुर स्थित एक होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस टीएमसी पार्टी का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। टीएमसी के प्रदेश महासचिव बंटी इराकी के नेतृत्व में दर्जनों लोग पार्टी में शामिल हुए। अरविंद प्रभाकर को तृणमूल ट्रेड यूनियन का धनबाद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। तृणमूल ट्रेड यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री और युवा प्रदेश अध्यक्ष सनी सिंकू ने दर्जनों युवकों को पार्टी का झंडा देकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर निरसा के रूद्र स्वामी ने पार्टी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही ट्रेड यूनियन को बीसीसीएल- सीसीएल क्षेत्र में स्थापित करने की बात कही। वहीं तेतुलमारी में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सनी सिंकू,पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद जमुदा,प्रदेश महासचिव बंटी इराकी ने सभा को संबोधित किया ।युवा जिला अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने धनबाद जिला महामंत्री दीपक चौधरी, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रौनक गुप्ता और जिला उपाध्यक्ष महताब आलम को सम्मानित किया। इस दौरान पार्टी के अमृत माजी,एस राजा,मिंटू सिंह, मोहम्मद काजी,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेगा लक्की ड्रॉ में चुने गए 10 लक्की ग्राहक, प्रथम विजेता को मिली स्कूटी

**बेरमो/जरीडीह बाजार।** शनिवार की शाम बेरमो कोयलांचल के जाने.माने इलेक्ट्रॉनिक शोरूम न्यू भाटिया डिश सेंटर ने जरीडीह बाजार झंडा चौक मैदान में दिवाली लक्की ड्रॉ इवेंट का आयोजन किया। यहां 10 भाग्यशाली विजेताओं का नाम का कूपन निकाला गया। जिसमें प्रथम मेगा पुरस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी कथारा गायत्री कॉलोनी निवासी मोहम्मद इस्लाम जिनका कूपन नंबर 307 को निकला । वहीं द्वितीय पुरस्कार फ्रिज जारंगडीह निवासी मनोज कुमार जिनका कूपन नंबर 186 है। तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन गांधीनगर निवासी सिकंदर तांती कूपन नंबर 168। चौथा पुरस्कार मोबाईल जरीडीह बाजार बाजार निवासी मोहम्मद पप्पू कूपर नंबर 219। पांचवा पुरस्कार। पांचवा पुरस्कार गीजर बोकारो थर्मल निवासी उपेंद्र कुमार कूपन नंबर 33। छठा पुरस्कार केंट वाटर फिल्टर जारंगडीह निवासी सुधीर करमाली कूपन नंबर 243। सातवां पुरस्कार इंडक्शन कुकर कथारा निवासी पूरन देवी कूपन नंबर 27। आठवां पुरस्कार रूम हीटर बेरमो चार नंबर निवासी अजय मुंडा कूपन नंबर 285 नौंवा पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर कथारा निवासी मोहम्मद इस्लाम कूपन नंबर 305। दसवां पुरस्कार हेयर ड्रायर मिला।

## गोविंदपुर सीएचसी में प्रसव के लिए जरूरी दवाइयां उपलब्ध रहेगी: सिविल सर्जन

**गोविंदपुर।** सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि गोविंदपुर सीएचसी में प्रसव के लिए सारी जरूरी दवाइयां उपलब्ध रहेगी। इसके लिए मरीजों को आधी रात को बाहर से दवाइयां खरीदनी नहीं पड़ेगी। जिप सदस्य सोहराब अंसारी ने स्वास्थ्य आयुष मेला के समापन के अवसर पर डॉ विश्वकर्मा से शिकायत की कि प्रसव पीड़ित महिला के परिजनों को देर रात को बाहर से दवाइयां लानी पड़ती है। इस संबंध में उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ एच रहमान को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि सीएचसी में सारी जरूरी दवाइयां उपलब्ध रहनी चाहिए ।उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय बरियो में आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य आयुष मेला के दूसरे दिन रविवार को भी करीब 200 लोगों ने इलाज कराया और दवाइयां ली। होम्योपैथ, आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र सहराज, डाबर एवं श्री श्री के काउंटर में लोगों की भीड़ जुटी रही । समापन के अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम ने शिविर की सफलता के लिए सभी का आभार प्रकट किया। मौके पर डॉ संजय कुमार, झामुमो नेता एजाज अहमद, माथुर अंसारी, कांग्रेस नेता मोइन अंसारी, मजहर आलम, डॉ निर्मला सिंह, कमलनयन, डॉ एसके तिवारी, डॉ अंजना कुमारी मौजूद थे।

## जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खीरु महतो को दीप नारायण सिंह ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची/धनबाद।** जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जदयू प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में राज्य सभा सांसद खिरु महतो को सर्वसम्मति से तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष राज्य निर्वाचन पदाधिकारी अनिल सिंह की उपस्थिति में घोषित किया गया। इस अवसर पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में खीरु महतो के प्रस्तावक रहे राज्य परिषद के सदस्य और जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह ने टुंडी विधानसभा क्षेत्र के जदयू कार्यकताओं की ओर से गुलदस्ता भेंट कर जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खिरु महतो का स्वागत किया । श्री सिंह ने कहा कि जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर खिरू महतो को सर्वसम्मति से चुने जाने पर झारखंड प्रदेश के एक - एक कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। श्री खिरु महतो का प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी पुरे राज्य में मजबूत होगी। इनके अनुभव का लाभ 2024 में होने वाली चुनाव में मिलेगी। पार्टी आने वाले लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में झारखंड में अच्छी प्रदर्शन करेगी। धनबाद के कार्यकताओं ने भी गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिसमें जदयू धनबाद जिला अध्यक्ष पिन्टु कुमार सिंह,राम स्वरूप यादव,राजु सिंह,धन लाल दुबे, अशोक सिंह आदि शामिल हैं।

## डीपीएस के सदनोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में सतलजए झेलम और चेनाब हाउस द्वारा आयोजित द्विवार्षिक सदनोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पधारे बीजीएच के सीएमओ डॉण विभूति भूषण करुणामय ने विविधता में एकताष थीम पर आधारित कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा निखारने की दिशा में डीपीएस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ.साथ छात्रों में सामाजिकए सांस्कृतिक और कलात्मक मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव है ।चेनाब हाउस की वार्डन तनुश्री घोष व नीलांजना चटर्जी द्वारा स्वागत भाषण के बाद सीनियर विंग की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं विद्यालय गीत की सुंदर प्रस्तुति की। प्राचार्य श्री गंगवार ने कार्यक्रम की विशेषता तथा विद्यालय की उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला ।सीनियर विंग के छात्रों ने आर्केस्ट्रा.प्रस्तुति की तो झेलम हाउस के विद्यार्थियों ने रामनवमी पर आधारित नृत्य.प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जन्म व उनकी बाल.लीलाओं का सुंदर चित्रण किया। जूनियर विंग के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक दिखाई और नन्हे विद्यार्थियों ने मासूमियत भरी भाव.भंगिमा के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत



किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य ने संयुक्त रूप से वार्षिक पत्रिका शिड्प्स रिफ्लेक्शनश के 34वें अंक का विमोचन किया। सतलज हाउस के वार्डन रवि प्रकाश द्विवेदी एवं बिमला बिष्ट ने विद्यालय परिवार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## मैनिटी सेवियर्स द्वारा मानवता क्रांति प्रोग्राम का विमोचन

**बोकारो।** मैनिटी सेवियर्स द्वारा राजस्थान के बीकानेर में आयोजित ग्लोबल ह्यूमैनिटी चेंज मेकर अवार्ड समारोह.2023 एवं मानवता क्रांति प्रोग्राम का विमोचन संस्था के कार्यालय में किया गया। संस्था के संस्थापक ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा ने बताया कि 11 मार्च से 13 मार्च 2023 को राष्ट्रहित फाउंडेशन व परहित सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस प्रोग्राम में सभी राज्यों के 780 जिलेए राजस्थान के सभी जिलों की 314 तहसील एवं विश्व के लगभग 200 देशों के सामाजिक कार्यकर्ता आमंत्रित है। यह कार्यक्रम पीबीएम हॉस्पिटल नर्सिंग ऑफिसर की प्रेरणा से किया जा रहा है।

# नृत्य, फैशन शो, फैंसी ड्रेस से बच्चों ने मोह लिया मन

### बड्स गार्डन स्कूल में बाल मेला का विधायक ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**राजगंज।** रविवार को बड्स गार्डन स्कूल में बाल मेला 2022 का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात उन्होंने मेले को संबोधित किए एवं बाल मेला का उद्घाटन किए इस मेले में बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे, बाल मेला कार्यक्रम में बड्स गार्डन स्कूल के बच्चे नृत्य, संगीत, फैशन शो, फैंसी ड्रेस, एकांकी, नाटक आदि का शानदार प्रस्तुति के साथ ही सबों ने एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाएं एवं इस मेले में सभी बच्चों ने अपनी हस्तकला अपनी चित्रकला एवं अपने अन्य होना का प्रदर्शन किए। बच्चों ने काफी खूबसूरत झांकियां भी बनाई थी इन झांकियों में मुख्य रूप से वृंदावन धाम, कश्मीर- भारत का स्वर्ग,कोविद का दर्द,रसिया -यूक्रेन युद्ध,झरिया की कोलियरी, गांव से शहर तक आदि के दृश्यों का जीवंत मॉडल बनाए थे इसके अलावा बच्चों ने साइंस और सोशल से जुड़े हुए बहुत सारे प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किए। इस मेले में बच्चों के खाने पीने के लिए बहुत सारे स्टॉल आदि भी लगे हुए थे, जहां बच्चे खुद ही भोजन एवं अन्य सामग्री खरीद एवं बिक्री कर रहे थे ।इस मेले में प्रबंधन की ओर से बच्चों के लिए शानदार झूले एवं तारा माची भी लगवाए गए थे। 4 साल बाद लगने वाले इस मेले में स्कूल के बच्चों ने जमकर मस्ती की एवं इस मेले में आने वाले हजारों अभिभावक काफी खुश नजर आए। इस मेले को सफल करने में स्कूल के प्राचार्य,प्रमोद कुमार ,चेयरमैन अमर कुमार पाल साथ में अजय कुमार रावत, जय किशोर, दयाशंकर, गुंजन अग्रवाल,गीता कुमारी, बबीता , पुष्पा, सिमरन आदि का काफी अच्छा योगदान रहा।

### सीनियर कक्षा के बच्चों ने दिया योगदान

इस मेले में स्कूल के सीनियर कक्षा के बच्चों ने काफी अच्छा योगदान दिया रविवार के कार्यक्रम में एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर रामानुज सिंह थाना प्रभारी महोदय संतोष कुमार रजक भी मौजूद थे। उन्होंने जमकर मेले का लुफ्त उठाएं इस मेले में बच्चे अभिभावक सभी खुश थे एवं समोसे समेत अन्य व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया और स्कूल प्रबंधन का भूरी भूरी प्रशंसा भी की ।बाल मेला का समापन आज होगा।

## विश्वस्तरीय पिकलबॉल बेनब्रिज कप में धनबाद के खिलाड़ियों का रहेगा शानदार प्रदर्शन: बी सुधीर

**धनबाद।** रविवार को झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सहसचिव बी. सुधीर ने बताया मुंबई में छ:दिवसीय विश्वस्तरीय पिकलबॉल बेनब्रिज कप का आयोजन किया जा रहा है। उदघाटन समारोह 29नवम्बर को नेशनल स्टेडियम मुंम्बई मे होगा और समापन समारोह 4दिसम्बर को होगा। झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार इस अवसर पर मुंबई में मौजूद रहेंगे और झारखंड के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करेंगे।

## मासस नेता संतोष मिश्रा के नेतृत्व में हुई सभा

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी बगान धौड़ा में कारखाना के मजदूरों के बकाया वेतन और आवास समस्या को लेकर रविवार को मासस नेता संतोष मिश्रा के नेतृत्व में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यरूप से निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मौजूद रहे। बैठक में सैकड़ों की संख्या में मजदूर उपस्थित हुए। बैठक में डटउएछ कारखाना के मजदूरों ने बकाया पेमेंट मिले और आवास ना खाली हो इन सभी बातों को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के समक्ष रखा। बैठक में मजदूरों की लड़ाई आगे तक ले जाने के लिए एक कमेटी बनाया गया है। इस दौरान पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मासस इसकी लड़ाई शुरू से लड़ते आ रही है। मासस मजदूरों के साथ है मजदूरों का सभी बकाया वेतन ब्याज के साथ मिले इसके लिए आगे लड़ाई लड़ी जाएगी। मजदूर जिस आवास में है वे वही रहगें।

## पेज एक का शेष

### सूखा पीड़ित 30...

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर :** सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कार्य योजना बनाकर प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जब गांव मजबूत होगा तभी राज्य खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग सभी वर्ग के लिए कार्य योजना तैयार की गई है। हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू की है। राज्य सरकार ने गांव-गांव, पंचायत-पंचायत में आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम चलाया। पिछले 20 वर्षों में यहां के लोग प्रखंड कार्यालयों का चक्कर लगाते लगाते थक जाते थे, हमारी सरकार ने अब प्रखंड कार्यालयों में पदस्थापित पदाधिकारियों को आपके गांव-गांव और द्वार-द्वार पर भेजने का काम कर दिखाया है। अब समस्याओं का समाधान आपके गांव-घर में लगे शिविरों में ही हो यह हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों इस क्षेत्र के ग्रामीण विकास का बाट जोह रहे थे। सपने में भी विकास नजर नहीं पड़ता था परंतु आज स्थिति बदली है। गांव-गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े हैं।

**स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का उगघाटन :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप में शिलापट्ट के माध्यम से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस , मॉडल विद्यालय मसलिया, दुमका, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, आर के गर्ल्स स्कूल गढ़वा, आश्रम आवासीय विद्यालय रानिया खूंटी एवं आश्रम आवासीय विद्यालय ओरमांझी का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ममता देवी, जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन, उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा की अलख ....

मन की बात में मोदी ने कहा कि जी 20 समूह की अध्यक्षता, भारत के लिए यह एक बड़ा मौका है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा को आगे बढाते हुए समूची दुनिया के कल्याण की दिशा में काम करेगा। मानवता के समक्ष खड़ी चुनौतियों के समाधान का हर संभव प्रयास करेगा। वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा आगे बढ़ाने का प्रयास : मन की बात में मोदी ने कहा कि जी 20 समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा को आगे बढाते हुए समूची दुनिया के कल्याण की दिशा में काम करेगा। मानवता के समक्ष खड़ी चुनौतियों के समाधान का हर संभव प्रयास करेगा। भारत के लिए यह एक बड़ा मौका है। भारत एक दिसंबर को जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। इस दौरान देश में 55 अलग-अलग हिस्सों में संगठन की 200 से ज्यादा बैठकें होंगी। भारत के लिए गौरव का समय है। भारत विश्व कल्याण पर अपना ध्यान केन्द्रित करेगा तथा मौजूदा चुनौतियों के समाधान का प्रयास करेगा। अध्यक्षता, देश के लिए एक बड़ा अवसर बनकर आई है। हमने एक पृथ्वी एक भविष्य की जो थीम दी है उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। उन्होंने कहा भारत का मानना है, सबका कल्याण हो, सबको शांति मिले, सबको पूर्णता मिले और सबका मंगल हो।

**प्राचीन परंपराओं का घर है भारत :** पीएम ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे प्राचीन परंपराओं का घर है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी परंपराओं और पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करें। ऐसा एक सराहनीय प्रयास नागालैंड के कुछ साथी कर रहे हैं। नागालैंड में नागा समाज की जीवनशैली, उनकी कला-संस्कृति और संगीत, ये हर किसी को आकर्षित करती है। ये हमारे दश की गौरवशाली विरासत का अहम हिस्सा है। नागा संस्कृति बचाए रखने के लिए लिडि-क्रो-यू नाम की संस्था बनाई गई है। इस संस्था नागा संस्कृति के जो खूबसूरत आयाम धीरे-धीरे खोने लगे थे, उन्हें फिर से पुनर्जीवित करने का काम किया है।

### कौन हैं संजय ...

इस काम में उन्हें कई समान विचारधारा वाले लोगों ने मदद की। तब से लेकर अब तक उन्होंने कोल्हान प्रमंडल के तीन जिलों पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले में लगभग 40 पुस्तकालयों की स्थापना की है। इन पुस्तकालयों की मदद से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले गरीब और आदिवासी छात्रों को उनके जरूरत की सारी किताबें आसानी से उपलब्ध हो जा रही है।

### सनकी पति ने...

इसके बाद भी आमिर नशे के हाल में हिना के साथ मारपीट से बाज नहीं आया।

**आरोपी पति की तलाश में जुटी पुलिस :** महिला के परिजन पुलिस को बिना बताए ही हिना को इलाज के लिए आनन-फानन में रिम्स अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच कर हिना का इलाज शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी रविवार की शाम नामकुम पुलिस को दी गई जिसके बाद नामकुम पुलिस भी अस्पताल पहुंची और हिना और उसके परिजनों का बयान दर्ज किया।

### इडी के सामने...

सुमन से पूछताछ के क्रम में ईडी को कई ऐसे सफेदपोश लोगों के नाम का खुलासा हुआ है। इडी अब ऐसे लोगों पर नकेल कसने की तैयारी कर रही है। पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के अस्पताल का इस्तेमाल भी काली कमाई को सफेद बनाने में किया जाता था। पूर्व में सीए सुमन कुमार ने पूछताछ में बताया था कि उसके घर पर जो 19 करोड़ से अधिक नकदी मिले थे, उसमें से अधिकांश हिस्सा पूजा सिंघल का था। पूजा सिंघल के फेसटाइम नंबर की जानकारी सुमन कुमार ने भी दी है। सुमन कुमार ने 10 लाख रुपये पूजा सिंघल के भाई सिद्धार्थ सिंघल को भी दिये थे। वहीं जांच में यह बात सामने आयी है कि पल्स अस्पताल में छह से सात बार सुमन कुमार ने 10- 10 लाख जमा कराये थे।

### बिजली खरीदने को...

**अतिरिक्त बिजली खरीदने पर रोक :** केंद्र सरकार के नये नियम के अनुसार बकाया होने पर राज्य की बिजली में कटौती कर दी जाती है। 15 अक्टूबर से ही झारखंड को अतिरिक्त बिजली खरीदने पर रोक लगा दी गयी है। इतना ही नहीं केंद्र सरकार ने आधुनिक पावर से मिल रही 180 मेगावाट बिजली पर भी रोक लगा दी है। वहीं डीवीसी कमांड एरिया में 10 प्रतिशत कटौती का आदेश दिया गया है। नये नियम के अनुसार, केंद्र सरकार ने प्राप्ति पोर्टल बनाया है, जिसमें बकाए को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है।

स्पीड न्यूज

## केंद्र से मिला बिहार को 1.5 लाख पैंकेज

**पटना।** राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार पूरी उदारता से और बिना किसी भेदभाव के बिहार के ढांचागत विकास के लिए लाखों करोड़ रुपये की योजनाएं लागू कर रही है लेकिन राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल है ।बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त मंत्रियों की बैठक में बिहार सरकार ने केंद्र से 20 हजार करोड़ रुपये के पैकेज की मांग की जबकि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य को डेढ़ लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा कर चुके हैं। इसमें 55 हजार करोड़ रुपये केवल सड़क परियोजनाओं के लिए हैं। राज्य सरकार अधिकतर परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करा पायी।

## बिहार जदयू के प्रदेश पिर अध्यक्ष बने उमेश

पटना । बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से उमेश सिंह कुशवाहा निर्वाचित घोषित किए गए। जदयू के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह ने रविवार को यहां चुनाव की जानकारी देते हुए बताया कि श्री उमेश सिंह कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किये गए हैं। राज्य परिषद की बैठक ने सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि करने के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के निर्वाचन के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अधिकृत किया है।

## फुटओवर ब्रिज का स्लैब रेल पटरी पर गिरा, चार घायल

महाराष्ट्र ।फुटओवर ब्रिज का स्लैब रेल पटरी पर गिरा महाराष्ट्र के बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रीकास्ट स्लैब पटरी पर गिर जाने से कम से कम चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शाम करीब 5.10 बजे की है। एफओबी पर जो व्यस्त जंक्शन के प्लेटफॉर्म 1 और 2 को जोड़ता है। अचानक, एफओबी स्लैब का एक हिस्सा टूट गया और नीचे रेलवे पटरियों पर गिर गया, जिससे कई यात्री जख्मी हो गए। अधिकारियों ने कहा कि घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल ले जाया गया है। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता शिवाजी सुतार ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## छपरा में ट्रेन से गिरकर एक की मौत

**छपरा।** जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा–सीवान रेलखंड के छपरा जंक्शन और टेकनिवास स्टेशन के बीच शनिवार को ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि छपरा जंक्शन और टेकनिवास स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है और उसकी पहचान नहीं की जा सकी है ।घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

### नेपाल चुनाव : मंत्रियों और 60 सांसदों सहित कई वरिष्ठ नेता हार

# युवाओं ने जीत दर्ज की

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के संसदीय चुनावों में मंत्रियों और 60 मौजूदा सांसदों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई वरिष्ठ नेताओं को शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि युवाओं ने जीत दर्ज की है। संसदीय चुनाव के लिए प्रत्यक्ष मतदान के नतीजे घोषित किया जाना संपन्न होने के करीब है, ऐसे में नेपाल के शीर्ष राजनीतिक दलों ने एक नयी सरकार के गठन के लिए कोशिशें तेज कर दी हैं। प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) और सात प्रांतीय विधानसभाओं के लिए चुनाव इसी माह हुए थे। मतगणना सोमवार को शुरू हुई थी। मधेस (तराई) क्षेत्र आधारित दलों के दो वरिष्ठ नेता चुनाव हार गये, जिनमें जनता समाजवादी पार्टी के प्रमुख उपेंद्र यादव और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र महतो शामिल हैं। देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) :सीपएन-यूएमएलः से चुनाव हारने वालों में पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर पोखरेल,उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे, महासचिव शंकर पोखरेल और उप महासचिव प्रदीप गयावली शामिल हैं। शिकस्त का सामना करने वाले अन्य शीर्ष नेताओं में सीपीएन माओइस्ट-सेंटर के महासचिव देव गुरुंग, उप महासचिव और ऊर्जा मंत्री पम्पा भुशाल और उप महासचिव गिरिराजमणि पोखरेल शामिल हैं। गृह मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता बालकृष्ण खांड और मौजूदा सरकार में पर्यटन एवं नागर विमानन मंत्री जीवन राम श्रेष्ठ भी चुनाव हार गये। पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के वरिष्ठ नेता झालानाथ खनल और पूर्व विदेश मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुजाता कोइराला को भी चुनाव में शिकस्त मिली है। कई युवा और नये चेहरे प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गये हैं। पूर्व टीवी पत्रकार रवि लमीछाने द्वारा महज छह महीने पहले गठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने प्रत्यक्ष चुनाव में सात सीट पर जीत दर्ज की और आनुपातिक पद्धति के तहत 10 लाख से अधिक वोट हासिल किये हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन ने 85 सीट पर जीत दर्ज की। यह पांच दलों का गठबंधन है। वहीं, सीपीएन-यूएमएल नीत गठजोड़ ने 55 सीट पर जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में, 165 सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से किया जा रहा, जबकि शेष 110 को आनुपातिक प्रणाली से चुना जा रहा। स्पष्ट बहुमत के लिए किसी पार्टी या गठबंधन को 138 सीट की जरूरत होगी।



## जी20 की अध्यक्षता वैश्विक कल्याण का मौका लेकर आयी है: मोदी

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि जी 20 समूह के अध्यक्ष के रूप में भारत वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा को आगे बढाते हुए समूची दुनिया के कल्याण की दिशा में काम करेगा और मानवता के समक्ष खड़ी चुनौतियों के समाधान का हर संभव प्रयास करेगा।

श्री मोदी ने रविवार को यहां मासिक रेड़ियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि भारत तीन दिन बाद दुनिया के प्रतिष्ठित समूह जी 20 की अध्यक्षता संभालने जा रहा है और यह समूचे देश के लिए गौरव का समय है। उन्होंने कहा कि भारत इस मौके का फायदा उठाकर विश्व कल्याण पर अपना ध्यान केन्द्रित करेगा तथा मौजूदा चुनौतियों के समाधान का प्रयास करेगा। उन्होंने कहा, ह्लसाथियो, जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा अवसर बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर फोकस करना है। चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता की बात हो, या फिर सतत विकास की, भारत के पास, इनसे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। हमने एक पृथ्वी एक भविष्य की जो थीम दी है उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। उन्होंने कहा भारत का मानना है,सबका कल्याण हो, सबको शांति मिले, सबको पूर्णता मिले और सबका मंगल हो।

## डॉक्टर, इंजीनियर की पढ़ाई मातृभाषा में भी शुरू: मोदी



**भरूच (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात में भरूच जिले के नेत्रंग में कहा कि अगर आप डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते हैं तो उसकी पढ़ाई मातृभाषा में भी कर सकते हैं। श्री मोदी ने रविवार को यहां जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं दिल्ली पहुंचा तो मैंने तय किया कि अगर आप डॉक्टर-इंजीनियर बनना चाहते हैं तो उसकी पढ़ाई मातृभाषा में भी कर सकते हैं। इसीलिए हमने अब मातृभाषा में पढ़ाना शुरू करवा दिया है।

उन्होंने कहा कि यह आशीर्वाद सिर्फ चुनाव के लिए आशीर्वाद नहीं हैं। यह आशीर्वाद विकसित गुजरात बनाने के संकल्प को जर्शाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि आज इतनी बड़ी संख्या में सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए निकले हैं। यह चुनाव गुजरात के मेरे भाई-बहन लड़ रहे हैं। चुनाव तो आप जिताने वाले ही हो यह आपने फैसला कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा हमारी पार्टी ने एक दिन पहले अपना संकल्प पत्र जारी किया है। जिसमें बच्चों, युवा से लेकर सभी के लिए कुछ न कुछ है। हमारा संकल्प इतना स्पष्ट है कि अब भाजपा की सीटें पहले से भी ज्यादा बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आते ही भ्रष्टाचार बंद हो गया। करीब तीन करोड़ से ज्यादा लोगों के लिए घर बनाए। आदिवासी इलाके में ही करीब 20 हजार घर बन चुके हैं। गरीब के घर में चूल्हा बंद नहीं होना चाहिए कोई लड़का भूखा न सोना चाहिए। यह चिंता हमने की है। गुजरात में अब बेटियां पढ़ने लगीं हैं।

# आस्ट्रेलियाई सेना सैन्य अभ्यास करने भारत पहुंची




**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारत और आस्ट्रेलिया की सैन्य टुकड़ियां अगले दो सप्ताह तक एक दूसरे के सैन्य और शांति स्थापना के क्षेत्र में कौशल तथा अनुभवों को साझा करते हुए द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास आस्ट्रा हिन्द -22 में हिस्सा लेंगी। दोनों सेनाओं के बीच यह अभ्यास सोमवार से शुरू होकर 11 दिसम्बर तक राजस्थान की महाजन फायरिंग रेंज में चलेगा। ऑस्ट्रा हिन्द श्रृंखला का यह पहला अभ्यास है, जिसमें दोनों देशों की सेनाओं के सभी अंगों एवं सेवाओं की टुकड़ियां हिस्सा लेंगी। ऑस्ट्रेलिया की सेना में सेकेंड डिवीजन की 13वीं ब्रिगेड के सैनिक अभ्यास स्थल पर पहुंच चुके हैं, जबकि भारतीय सेना का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। ऑस्ट्रा हिन्द सैन्य अभ्यास प्रत्येक वर्ष भारत और ऑस्ट्रेलिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाएगा।

इस द्विपक्षीय सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास का उद्देश्य सकारात्मक सैन्य संबंध बढ़ाना और एक-दूसरे की बेहतरीन सैन्य कार्य-प्रणालियों को अपनाना है। साथ ही इसका लक्ष्य संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रतिबद्धता के तहत अर्ध-मरूस्थलीय देशों में शांति अभियानों को चलाने के लिए एक साथ कार्य करने की क्षमता को बढ़ावा देना है। यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं को शत्रुओं के खतरों को बेअसर करने के उद्देश्य से कंपनी और प्लाटून स्तर पर सामरिक संचालन करने के लिए रणनीति, तकनीक एवं प्रक्रियाओं हेतु सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों को साझा करने में सक्षम बनायेगा। द्विपक्षीय सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास, विशेष हथियारों के कौशल की मूल बातें साझा करने और शत्रुओं के लक्ष्य पर हमला करने जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होंगे। संयुक्त अभ्यास, दोनों देशों की सेनाओं के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के अलावा, भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को मजबूत करने में और मदद करेगा।

# देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी : गिरिराज



एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण विधेयक को लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे पास सीमित संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून को अगर कोई फॉलो नहीं करेगा तो उसे सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। भारत में एक मिनट में 30 बच्चे पैदा हो रहे हैं। सभी के लिए संसाधन मुहैया कराना मुश्किल हो जायेगा। ऐसे में यह विधेयक अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस कानून को अगर कोई फॉलो नहीं करेगा तो उसे सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जाना चाहिए। उनके वोटिंग राइट्स (मताधिकार) छीन लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कानून लोगों की आस्था और धर्म की परवाह किए बिना सभी के लिए लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर देश के अंदर जनसंख्या नियंत्रित कानून नहीं बना तो देश में न सामाजिक समरसता और एकता बचेगी... न विकास हो पायेगा। 1978 के पहले चीन की जीडीपी भारत की जीडीपी से कम थी, लेकिन आज चीन हमसे ज्यादा समृद्ध है क्योंकि 1979 में चीन 'वन चाइल्ड पॉलिसी' लाया। उन्होंने कहा कि चीन में प्रति मिनट दस बच्चे पैदा होते हैं और भारत में प्रति मिनट तीस बच्चे पैदा होते हैं। ऐसे में हम चीन का कैसे मुकाबला करेंगे।

**चीन को भी पछाड़ देगा भारत :** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत जनसंख्या के मामले में अगले साल चीन को पछाड़ देगा। वहीं, वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2022 में कहा गया है कि भारत के प्रजनन दर में कमी दर्ज की गयी है। 1950 में यह 5.9 बच्चे प्रति महिला थी वहीं, 2022 में यह 2.2 बच्चे प्रति महिला रह गयी है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने 19 जुलाई को राज्यसभा में कहा था कि सरकार 2045 तक जनसंख्या को नियंत्रित करना चाहती है और अभी तक जो प्रयास किए गए हैं, उसमें काफी हद तक सफलता मिली है।

## स्पोर्ट्स

# मैच रद्द होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है भारत के नाम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। सिर्फ 12.5 ओवर का खेल मुमकिन हो पाया। इसमें भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 विकेट खोकर 89 रन बनाये। यह भारतीय टीम के वनडे इतिहास का 42वां रद्द वनडे मुकाबला है। इस मामले में टीम इंडिया पहले से ही वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हुए हैं। भारत का हर 25वां वनडे रद्द हो जाता है। रद्द होने वाले मैचों के पीछे बारिश सबसे बड़ा फैक्टर है। हालांकि कुछ मैच बिना बारिश के भी रद्द हुए हैं। अगर कोई मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो जाता है तो दर्शकों को पूरा रिफंड मिलता है। शर्त यही होती है कि उसने टिकट मेजबान बोर्ड द्वारा वेरिफाइड किसी ऑनलाइन या ऑफलाइन वेंडर से खरीदी हो। अगर मैच में एक भी गेंद का खेल हो जाता है तो आमतौर पर दर्शकों को कोई पैसा नहीं मिलता है। हालांकि कुछ क्रिकेट बोर्ड इस स्थिति में भी पैसे वापस कर देते हैं।

**सबसे ज्यादा भारत-श्रीलंका वनडे रद्द :** वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया के सबसे ज्यादा मुकाबले श्रीलंका के खिलाफ रद्द हुए हैं। भारत ने अब तक श्रीलंका के खिलाफ 162 वनडे मैच खेले हैं। इनमें से 11 मैच बेनतीजा रहे। इनमें 2002 चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनल मैच भी शामिल हैं। फाइनल के पहले दिन श्रीलंका की पारी के दौरान बारिश शुरू हो गई। इसके बाद खेल नहीं हुआ और मैच को रिजर्व डे में ले जाया गया। उस समय के नियम के मुताबिक रिजर्व डे में नए सिरे से मैच खेला गया। इस बार भी श्रीलंका की पारी के बाद खेल मुमकिन नहीं हुआ और मुकाबला रद्द कर दिया गया। अगली तस्वीर में देखिए कि किस टीम के खिलाफ भारत के कितने वनडे मैच रद्द हुए हैं। दर्शकों की पत्थरबाजी के कारण भी रद्द : ऐसा नहीं है कि इनमें से सभी मैच बारिश के कारण रद्द हुए हों। पाकिस्तान के खिलाफ 1989 में खेला गया वनडे मैच दर्शकों के खराब व्यवहार के कारण रद्द हुआ था। तब पाकिस्तानी दर्शकों ने अपनी टीम के तीन विकेट जल्दी गिर जाने के कारण पत्थरबाजी शुरू कर दी थी। इसी तरह भारत और श्रीलंका के बीच 2009 में दिल्ली में खेला गया वनडे मैच खराब पिच के कारण रद्द कर दिया गया था। उस मुकाबले में 23.3 ओवर का खेल हुआ था। पिच से असमान उछाल मिल रही थी जिससे बल्लेबाजों के चोटिल हो जाने का खतरा था।



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | | |
| Science Practical | ₹ 60 | | |
| S. Science Practical | ₹ 60 | | |
| Hindi Vyakaran–I | ₹ 60 | Hindi Vyakaran–I | ₹ 60 |
| English Grammar–I | ₹ 60 | English Grammar–I | ₹ 60 |
| Sanskrit Vyakaran–I | ₹ 50 | Sanskrit Vyakaran–I | ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !